

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 242

ग्वालियर, सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### जमानत जब्त कराने को देते कांग्रेस को सीट गठबंधन तोड़ने पर बोले लालू

**नई दिल्ली।** राजद सुप्रीमो लालू यादव लंबे अंतराल के बाद पटना पहुंच रहे हैं। दिल्ली से पटना निकलने के पहले लालू ने कांग्रेस के बिहार प्रभारी भक्त चरण दास पर हमला बोलते हुए कहा कि भक्त चरण दास भकचोनहर दास है। कुशेश्वरस्थान सीट कांग्रेस को हारने और जमानत जब्त कराने के लिए दे देते ? लालू ने आगे कहा कि कांग्रेस से क्या गठबंधन होगा, क्या मतलब है गठबंधन का? लालू यादव का कांग्रेस को लेकर तेवर काफी तल्ख था। लालू ने अपने अंदाज में कहा कि भकचोंधर की बात का कोई मतलब नहीं। गौरतलब है कि दो दिन पहले बिहार कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास ने राजद पर बड़ा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि राजद का पर्दे के पीछे से बीजेपी से मिलीभगत है। अब बिहार में कांग्रेस महागठबंधन का हिस्सा नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी चालीस सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बता दें कि राजद प्रमुख लालू यादव लगभग तीन साल बाद रविवार को पटना आ रहे हैं। अब उनकी तबियत ठीक है। लेकिन लालू यादव के चुनाव प्रचार में जाने को लेकर संशय बना हुआ है। कार्यक्रम दोनों क्षेत्रों में लगा है। लेकिन उनके आने के बाद डॉक्टरों की सलाह पर ही आगे का कार्यक्रम तय होगा। यदि दोनों विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में लालू ने प्रचार की कमान संभाल ली तो इसका बड़ा फायदा तेजस्वी के साथ पार्टी को भी मिलेगा।

### कैप्टन अमरिंदर की पाकिस्तानी दोस्त पर पंजाब में राजनीति तेज

**नई दिल्ली।** पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के साथ ट्विटर युद्ध कभी व्यक्तिगत नहीं हुआ, लेकिन पूर्व मुख्य रणनीतिक सलाहकार मोहम्मद मुस्तफा ने शनिवार को पूर्व डीजीपी दिनकर गुप्ता और पूर्व मुख्य सचिव विनी महाजन के साथ अरूसा आलम की एक तस्वीर साझा की है। कैप्टन अमरिन्दर का यह पाकिस्तानी मित्र उस समय विवादों में आ गया जब उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर रंधावा ने अरूसा आलम के आईएसआई के साथ कथित संबंधों की जांच की आवश्यकता के बारे में बात की थी। घंटों बाद, कैप्टन अमरिंदर के मीडिया सलाहकार ने मुस्तफा की पत्नी और कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना के साथ अरूसा आलम की तस्वीरें साझा कीं। पूर्व मुख्यमंत्री का हवाला देते हुए उन्होंने लिखा, ÷और आप इसे कैसे समझा रहे हैं मोहम्मद मुस्तफा। क्या आपकी पत्नी और बहू एक ही महिला के साथ नहीं हैं? आप राजनीति को दोस्ती से मिला रहे हैं! अरुजा आलम व्यक्तिगत रूप से आपके परिवार के साथ ऐसी कई और यादों को संजोता है। इस बीच, पूर्व सीएम के राजनीतिक सचिव मेजर अमरदीप सिंह ने रंधावा को बेल्ट से नीचे नहीं उतरने की सलाह दी।

### व्यंग्य चित्रकार ने आदमी की पीड़ा और राजनीतिक व्यवस्था पर तंज कसे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बहुमुखी प्रतिभा के धनी व प्रख्यात कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण को उनकी 100वीं जयंती पर याद किया और कहा कि अपनी रचनाओं के जरिए उन्होंने तत्कालीन सामाजिक व राजनीतिक सच्चाई को सुंदरता से प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, ''आरके लक्ष्मण की 100वीं जयंती पर मैं उन्हें याद कर रहा हूं। अपने कार्टूनों के जरिए उन्होंने तत्कालीन सामाजिक व राजनीतिक सच्चाई को सुंदरता से प्रस्तुत किया।'' उन्होंने वर्ष 2018 में ''टाइमलेस लक्ष्मण'' नामक पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर दिए गए अपने भाषण का एक वीडियो भी साझा किया। 24 अक्टूबर 1921 को कर्नाटक के मैसूर में जन्मे लक्ष्मण एक प्रमुख व्यंग्य चित्रकार थे और अपनी रचनाओं के जरिए उन्होंने आम आदमी की पीड़ा और सामाजिक विकृतियों को सामने रखने के साथ ही राजनीतिक व्यवस्था पर भी तंज कसे। उन्हें पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

### टी-20 वर्ल्ड कप फिवर : अहमदाबाद के ज्यादातर मल्टीप्लेक्स हाउसफूल

**अहमदाबाद।** शहर समेत देशभर में टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर जबर्दस्त उत्साह है खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच आज होनेवाले रोमांचक मुकाबले को लेकर कुछ अलग ही माहौल है जब कभी भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होता है लोग भावनात्मक रूप से इससे जुड़ते हैं उसमें भी अहमदाबाद शहर में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं ऐसे मैच को लोग एक जगह या फिर सोसायटी में जमा होकर एक साथ देखते हैं लंबे समय के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच होने जा रहा है और इसे रोमांचक बनाने के लिए थियेटर भी शामिल हो गए हैं सिनेमा होल में भारत-पाक के बीच टी-20 क्रिकेट मुकाबला दिखाने की घोषणा के साथ ही एक दिन पहली ही सारे थियेटर हाउसफूल हो गए हैं।

## मन की बात में पीएम ने दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश

# दीपावली पर स्वदेशी चीजें ही खरीदें : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उन हेल्थवर्कर्स का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने वैक्सीनेशन के अभियान को ऊंचाई दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में टीकाकरण 1 अरब के पार पहुंच गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में देश के हेल्थवर्कर्स ने बड़ा योगदान दिया है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 82वें संस्करण में भारत की महिला शक्ति की भी जमकर तारीफ की। त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम त्योहारों पर खरीददारी करने जा रहे हैं। इस दौरान हमें वोकल फॉर लोकल का ख्याल रखना है। उन्होंने कहा कि हमें त्याहारों पर यह ध्यान रखना है कि भारत में बने सामान की ही खरीदें। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी गरीब से कुछ अच्छा सामान खरीदते हैं तो उसे सोशल मीडिया पर भी शेयर करें। इससे लोगों को स्वदेशी चीजों को खरीदने की प्रेरणा मिलेगी।



पीएम मोदी ने इस मौके पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर तीन प्रतियोगिताएं कराने का भी ऐलान किया। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को भी याद किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सभी को किसी न किसी ऐसी गतिविधि से जुड़ना चाहिए, जिससे देश की एकता मजबूत हो। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर रंगोली कंपीटिशन कराने का भी ऐलान किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर कहा कि आज हमारा देश तकनीकी के मामले में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ड्रोन तकनीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके जरिए हम तमाम काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए इसकी लाइसेंसिंग की प्रक्रिया को आसान किया है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि हमें दिवाली पर स्वच्छता के दौरान अपने घर ही नहीं बल्कि पास-पड़ोस की सफाई की भी चिंता करनी है। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान के तहत यह संकल्प भी लेना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करना है। पीएम ने कहा कि 100 करोड़ वैक्सीन के लक्ष्य को पार करने के बाद आज देश नए उत्साह, नई ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है। हमारे टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता, भारत के सामर्थ्य को दिखाती है। भारत, दुनिया के उन पहले देशों में से है, जो ड्रोन की मदद से अपने गांव में जमीन के डिजिटल रिकार्ड तैयार कर रहा है। अपातकाल में मदद पहुंचाने से लेकर कानून व्यवस्था की निगरानी तक ड्रोन से की जा रही है। पीएम ने कहा कि पहले ये धारणा बन गई थी कि सेना और पुलिस जैसी सेवा केवल पुरुषों के लिए ही होती है लेकिन आज ऐसा नहीं है।

## चीन-पाकिस्तान की सांठगांठ से भारत को खतरा दक्षिण एशिया की स्थिरता भंग होगी : सीडीएस रावत



**गुवाहाटी।** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने आशंका जताई है कि चीन-पाकिस्तान की सांठगांठ से भारत को खतरा होगा साथ ही दक्षिण एशिया की स्थिरता भी भंग होगी। रावत ने कहा कि चीन की वैश्विक ताकत हासिल करने की महत्वाकांक्षाओं के कारण दक्षिण एशिया की स्थिरता पर 'सर्वव्यापी खतरा' है। जनरल रावत ने यहां प्रथम रविकांत सिंह स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि चीन दक्षिण एशिया तथा हिंद महासागर क्षेत्र में अंदर तक सेंध लगा रहा है ताकि उभरती वैश्विक महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर सके।

उन्होंने कहा, 'हाल में हम चीन द्वारा क्षेत्र में भू-रणनीतिक स्पर्धा और भारी निवेश देख रहे हैं।' उन्होंने कहा कि म्यांमा तथा बांग्लादेश पर चीन की प्रतिकूल कार्रवाई भी भारत के राष्ट्रीय हित में नहीं हैं क्योंकि ये 'भारत पर नियंत्रण' की कोशिश हैं। रावत ने कहा, 'क्षेत्रीय रणनीतिक अस्थिरता का सर्वव्यापी खतरा बना हुआ है।' उन्होंने कहा कि इससे भारत की क्षेत्रीय अखंडता और रणनीतिक महत्व को खतरा हो सकता है। सीडीएस ने भारत-पाक संबंधों पर कहा कि पाकिस्तान का सरकार प्रायोजित आतंकवाद तथा सरकार से इतर तत्वों की आतंकवादी गतिविधियां दोनों देशों के बीच शांति प्रक्रिया में अवरोधक हैं। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर पाकिस्तान तथा चीन के बीच साझेदारी को 'भारत विरोधी सांठगांठ' कहा। जिसमें चीन द्वारा पाकिस्तान को सैन्य उपकरण प्रदान करना और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसका समर्थन करना शामिल है। सीडीएस ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन के साथ सीमा संबंधी मुद्दों को समग्रता से देखना होगा और यह लद्दाख सेक्टर या पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़े विषय नहीं हैं। उन्होंने कहा, '2020 में थोड़ी दिक्कत (भारत और चीन के बीच) थी।

## जालसाजी व रंगदारी के आरोप में राहुल व प्रियंका गांधी के करीबी अल्लू मियां लखनऊ में गिरफ्तार

**लखनऊ।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी रहे अल्लू मियां को लखनऊ में शनिवार रात को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लखनऊ में पुलिस ने अल्लू मियां को फन मॉल के पास से पकड़ा। रायबरेली के साथ ही अमेठी की राजनीति में कांग्रेस की तरफ से बेहद सक्रिय राहुल गांधी के करीबी अल्लू मियां को लखनऊ में जमीन कब्जा करने, जालसाजी तथा रंगदारी मांगने के आरोप में वजीरगंज पुलिस ने शनिवार देर रात गिरफ्तार किया। अल्लू मियां शनिवार को लखनऊ में प्रियंका गांधी वाड्रा की कांग्रेस प्रतिज्ञा यात्रा में शामिल होने आया था। उसके खिलाफ जमीन कब्जा करने, जालसाजी, रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में वजीरगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। अमेठी के जगदीशपुर के निहालगढ़ के



निवासी कांग्रेस नेता मोहम्मद रफीक उर्फ अल्लू मियां की गिरफ्तारी की पुष्टि इंस्पेक्टर वजीरगंज धनंजय पांडेय ने की है। इंस्पेक्टर वजीरगंज ने बताया कि बीती आठ मई को अल्लू मियां, उनकी पत्नी मेहरुनिशा और बेटे आदिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा कैसरबाग के कसाईबाड़ा में रहने वाले वैभव श्रीवास्तव ने दर्ज कराया था। वैभव ने तहरीर में आरोप लगाया था कि उन्होंने अगस्त 2019 में गोमतीनगर के विशालखंड में रहने वाली मंजू रावत से उनका खरगापुर स्थित प्लाट खरीदा था। वैभव के साथ ही उस प्लाट में मित्र माजिन खान भी पार्टनर थे। माजिन खान और वह प्लाट पर अपार्टमेंट बनवा रहे थे। इस बीच अल्लू मियां के बेटे आदिल ने दावा किया कि यह प्लाट तो उनका है। उसने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से किसी से प्लाट की रजिस्ट्री कराने का दावा किया। इस बात को लेकर विवाद हुआ था। प्लाट छोडने् के लिए उसने रुपयों की मांग की। मांग पूरी न होने पर धमकी दी थी। वैभव ने बताया कि धमकी से वह बहुत तनाव में था। उसने अधिकारियों को मामले की जानकारी दी।

## महंगाई ने तोड़ी कमर माचिस से रसोई गैस तक सबकुछ के बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** त्योहारों के इस सीजन में महंगाई मार से आम आदमी की हालत खराब है। पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ खाने-पीने का सामान, सबकुछ पहले के मुकाबले महंगा हो गया है। जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को यह चिंता सता रही है कि धनतेरस, दीवाली और छठ पूजा की तैयारियों में कहीं उनकी जेब ना खाली हो जाए। आइये जानते हैं कि क्या कुछ हुआ महंगा त्योहारों के सीजन में सब्जी कीमतें आसमान छू रही हैं। एक किलो टमाटर जो एक महीने पहले 27.36 रुपये में मिल रहा था, उसकी कीमत अब बढ़कर 48.69 प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, प्याज की कीमतों में पिछले एक महीने के दौरान करीब 14 रुपये का इजाफा हुआ है। उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार 23 अक्टूबर को प्याज की ताजा कीमतें 42.13 प्रति किलोग्राम थी। दिल्ली, मुंबई, मंडी,



श्रीनगर में सरसों के तेल कीमतें इस समय में 200 किलोग्राम के पार पहुंच गई हैं। बता दें, इस साल अक्टूबर में हुई बेमौसम बारिश ने सब्जियों की फसलों को बहुत नुकसान पहुंचाया है जिसकी वजह से आने वाले दिनों में सब्जियों की कीमतों में भी तेजी देखी जा सकती है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट के अनुसार एक अक्टूबर को 14.2 किलोग्राम का गैस सिलेंडर की कीमत 884.5 रुपये थी, जिसमें अभी तक कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 1 जनवरी 2021 से 1 अक्टूबर 2021 तक 190.5 रुपये का इजाफा हुआ है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसीडेंट (करेंसी व एनर्जी रिसर्च) अनुज गुप्ता ने हिन्दुस्तान को बताया कि अमेरिका में प्राकृतिक गैस 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

## आर्यन खान ड्रग्स केस में नया मोड़! गवाह बोला 18 करोड़ में हुई डील



### एनसीबी ने आरोप को बताया बेबुनियाद

**मुंबई।** हाल ही में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा क्रूज ड्रग्स पार्टी केस में गिरफ्तार किए गए अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के मामले में नया मोड़ आ गया है. एनसीबी के गवाह ने इस केस में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. खुद को इस केस से जुड़े शख्स के.पी.गोसावी का बॉडीगार्ड बताने वाले प्रभाकर साइल ने एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े और गोसावी पर पैसों की डील के आरोप लगाए हैं. प्राइवेट डिटेक्टिव के.पी.गोसावी की ही फोटो आर्यन खान के साथ वायरल हुई थी. मामले में समीर वानखेड़े ने सभी आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह बाद में इसका सटीक जवाब देंगे. प्रभाकर साइल नाम के इस गवाह ने एक हलफनामे में दावा किया है कि उसने के.पी.गोसावी और किसी सैम डिसूजा के बीच 18 करोड़ रुपये की डील की बात सुनी थी. इनमें से 8 करोड़ रुपये एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को दिए जाने थे. उसने यह भी दावा किया है कि उसने के.पी.गोसावी से रुपये लेकर सैम डिसूजा तक पहुंचाए थे. आपको बता दें कि प्रभाकर साइल वही शख्स है, जिसे एनसीबी ने 6 अक्टूबर को जारी की गई प्रेस रिलीज में गवाह के तौर पर बताया था. अब प्रभाकर ने आरोप लगाया है कि के.पी.गोसावी लापता है. उसका कहना है कि उसे के.पी. गोसावी की जान को खतरा होने की आशंका है. इसलिए उसने यह हलफनामा दाखिल किया है।

## पंजाब के असली मुद्दों से बात नहीं भटकने दूंगा: नवजोत सिंह सिद्धू

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी बार-बार यह साबित करने में जुटी है कि उसकी पंजाब इकाई में सबकुछ ठीक चल रहा है लेकिन प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे साफ है कि पंजाब कांग्रेस की कलह बरकरार है। सिद्धू ने एक बार फिर से तीखे तेवर दिखाते हुए कहा है कि वह असली मुद्दों पर डटे रहेंगे और इनसे ध्यान नहीं हटने देंगे।

इससे पहले बीते हफ्ते ही सिद्धू ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर मांग की थी कि वह चन्नी सरकार को 13 मुद्दों पर काम करने के निर्देश दें। सिद्धू ने ट्वीट किया, %पंजाब को अपने वास्तविक मुद्दों पर लौट आना चाहिए, जो पंजाबी और हमारी आने वाली पीढ़ी की चिंता है। हम उस आर्थिक आपातकाल का सामना कैसे करेंगे जो हमें घूर रहा है? मैं असली मुद्दों पर डटा रहूंगा और उनसे ध्यान नहीं हटने दूंगा। बता दें कि सिद्धू करीब 10 दिन पहले ही केसी वेणुगोपाल और हरीश रावत जैसे वरिष्ठ पार्टी नेताओं से दिल्ली में मिले थे।



## वन-टू-वन

### टी20 विश्व कप के पहले मैच में हार से निराश नहीं : पोलार्ड

**दुबई।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान कायरन पोलार्ड ने कहा है कि इंग्लैंड के हाथों टी20 विश्व कप क्रिकेट के शुरुआत मैच में मिली हार के बाद भी उनकी टीम निराश और डरी हुई नहीं है। वेस्टइंडीज टीम इस मुकाबले में केवल 55 रन ही बना पायी थी। इस कारण उसे 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। इंडीज कप्तान पोलार्ड ने मैच के बाद कहा कि इस परिणाम के बाद भी उनकी टीम दवाब में नहीं है। इस मैच में 55 रनों पर आउट होने के साथ ही वेस्टइंडीज टीम टी20 विश्व कप में सबसे कम रन बनाने वाली टीम बन गयी है। पोलार्ड ने मैच के बाद कहा, 'इस तरह के प्रदर्शन को किसी भी प्रकार से सही नहीं ठहराया जा सकता है। हम तीन मैचों में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। बल्लेबाज अपने शॉट्स नहीं खेल पाये हैं।' उन्होंने कहा, 'हम दुनिया भर में काफी क्रिकेट खेलते हैं और इस तरह की बात पहली बार नहीं हुई है। हमें इस तरह के मैचों का अनुभव है। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और हमें इस हार को भुलाकर आगे बढ़ना होगा।' उन्होंने शानदार गेंदबाजी के लिए अकील हुसैन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, 'उन्हें फेबियन एलेन की चोट के कारण मौका मिला और उन्होंने साबित कर दिया कि वह क्या कर सकते हैं।' वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के कप्तान ऑयन मॉर्गन ने कहा है कि गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन के कारण ही उनकी टीम को जीत मिली है।

### ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश में हरमनप्रीत का शानदार प्रदर्शन

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग में खेलते हुए भारतीय महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर ने अपने शानदार प्रदर्शन से मेलबोर्न रेनेगेड्स की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस मैच में रेनेगेड्स ने सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया। हरमनप्रीत ने इस मैच में 17 रन देकर दो विकेट लिए जबकि बल्लेबाजी के दौरान तेजी से खेलते हुए केवल 29 गेंदों पर 35 रन बनाये। इसमें दो छक्के भी शामिल थे। इससे पहले सलामी बल्लेबाज़ ईव जोंस ने 38 रन बनाये। उन्होंने इस लीग में खेल रही भारत की ही जेमिमा रॉड्रिग्स के साथ पहले विकेट के लिए 43 रन बनाये। रॉड्रिग्स ने 15 गेंदों पर 14 रन बनाए। वहीं सिडनी सिक्सर्स का बल्लेबाजी के दौरान प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। सोफी मोलिन्यू ने मैच की तीसरी गेंद पर ही इस लीग में खेल रही युवा भारतीय क्रिकेटर शेफ़ाली वर्मा को शून्य पर ही आउट कर दिया। मोलिन्यू ने अपने चार ओवर में केवल 18 रन देकर एक विकेट लिया जबकि हरमनप्रीत ने दो विकेट लिए। हरमनप्रीत ने एश्ली गाडर्नर और एलिसा हीली को अपना शिकार बनाया। इसके बाद एलिसा पेरी ने 51 गेंदों पर 50 नाबाद रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को संभाला। उन्होंने निकोल बोल्टन के साथ चौथे विकेट के लिए 80 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

### 2024 तक फ्लाइंग कार से कर सकेंगे सफर

**यरूशलम)।** उम्मीद जताई जा रही है कि 2024 तक फ्लाइंग कार से लोग एक से दूसरे शहर तक सफर कर पाएंगे। इजरायल की एक स्टार्टअप कंपनी ने अपनी टू सीटर फ्लाइंग कार के बारे में जानकारी दी है। इस कार को आसानी से ऑपरेट किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार, सभी इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग विमान मुख्य रूप से अमेरिका में बेचे जाएंगे, जहां फेडरल एविएशन अथॉरिटी (एफएए) ने निर्माता एयर के साथ मिलकर दो साल तक लाइसेंसिंग और नियमों को कानूनी और सुरक्षित बनाने के लिए काम किया है। इजरायली कंपनी एयरक्र के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि 2023 के अंत तक उनके एयर वन वाहन को मंजूरी मिल सकती है, जिसकी कीमत सड़क पर चलने वाली आम कारों जितनी होने की उम्मीद है। नए तरह के हवाई वाहनों की कीमत और उपलब्धता के लिए बहुत कम विवरण जारी किए गए हैं। इसमें सवारियों के लिए दो सीटें होंगी और एक बार चार्ज करने पर यह 110 मील की यात्रा कर सकती है। इसे उन ग्राहकों को बेचा जाएगा जो इसके %फ्लाई बाय इंटेंट% सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने में सक्षम होंगे, जिसकी मदद से ट्रेनिंग या लाइसेंस के बिना पायलट इसे हवा में संचालित कर पाएंगे। निर्माता कंपनी ने सीड फंडिंग से पिछले साल कम से कम 10 मिलियन डॉलर का धन जुटाया। इसका इस्तेमाल उड़ानों की टेस्ट फ्लाइट्स में किया जा रहा है। मंथी स्थित फर्म स्विसपॉड एक हाइपरलूप सिस्टम का वादा कर रही है जो यात्रियों और कार्गो को जिनेवा से ज्यूरिख तक सिर्फ 17 मिनट में या न्यूयॉर्क शहर से वाशिंगटन डीसी तक सिर्फ 30 मिनट में पहुंचाने में सक्षम होगी।

### वॉलेट भुगतान के क्षेत्र में क्रेड का प्रवेश, हिपबार का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** भुगतान को लेकर भारतीय बाजारों में क्रेड ऐप इन दिनों काफी लोकप्रिय हो रहा है जिसके जरिए आप क्रेडिट कार्ड का बिल पेमेंट आसानी से कर सकते हैं और कुछ निश्चित कैशबैक पा सकते हैं। अब कंपनी ई-वॉलेट पेमेंट बिजनेस में एंट्री करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रेड ने चेन्नई बेस्ड शराब डिलीवरी स्टार्टअप हिपबार प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया है। बता दें कि हिपबार के पास पीपीआई का लाइसेंस है। आरबीआई द्वारा दिया गया पीपीआई लाइसेंस कंपनियों को डिजिटल वॉलेट, प्रीपेड ट्रांजिट कार्ड, वाउचर आदि पेमेंट सिस्टम संचालित करने की अनुमति देता है। हिपबार को अगस्त 2016 में पीपीआई का लाइसेंस दिया गया था। गौरतलब है कि डिजिटल वॉलेट फ्रीचार्ज के को-फाउंडर रहे कुणाल शाह ने साल 2018 में एक नया स्टार्टअप क्रेड लॉन्च किया था। इस ऐप से अगर आप अपने क्रेडिट कार्ड का बिल भरते हैं तो कैशबैक के अलावा ढेरों रिवार्ड पा सकते हैं। इस ऐप से आप जितने रुपये का क्रेडिट कार्ड का बिल भरते हैं उतने क्रेड क्वाइन पा सकते हैं और अलग-अलग कंपनी से फ्री या डिस्काउंटेड रिवार्ड पा सकते हैं।

# प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर बालक इंटर अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप-2021

### हिमांशु सनिक की हैट्रिक की बदौलत मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी सेमीफायनल में

### खेल मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी टीम को बधाई दी

### 26 अक्टूबर को मप्र हॉकी अकादमी और राउंड्ग्लास पंजाब के बीच होगा सेमीफाइनल

### राजा करण, राउंड्ग्लास पंजाब और नामधारी इलेवन भी अंतिम चार में पहुंची

**भोपाल।** प्रथम जूनियर बालक इंटर अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप-2021 के सातवें दिन मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मप्र हॉकी अकादमी ने टाटा नवल हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 5-1 के अंतर से शिकस्त दी। दिन के अन्य मुकाबलों में राजा करण हॉकी अकादमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी और नामधारी इलेवन ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हॉकी इंडिया तथा खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चैंपियनशिप का आयोजन मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम की नवनिर्मित टर्फ पर किया जा रहा है। चैंपियनशिप में 25 अक्टूबर को रेस्ट डे रखा गया है। सेमीफाइनल मुकाबले 26 अक्टूबर को खेले जाएंगे। प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के सेमी फायनल में पहुंचने पर टीम को बधाई दी और चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट के लिए प्रोत्साहित किया।

मप्र हॉकी अकादमी ने अपने क्वार्टर फाइनल में अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 5-1 से पराजित किया। मप्र की इस जीत में हिमांशु सनिक ने हैट्रिक भी जमाई। मैच के पहले दो क्वार्टर गोलरहित रहे। दोनों ही टीमों ने गोल के प्रयास किए। लेकिन, किसी को भी सफलता हासिल नहीं हुई। मैच के तीसरे क्वार्टर में मप्र हॉकी अकादमी के श्रेयस धुपे ने मैदानी गोल दागते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दो मिनट बाद ही नवल टाटा के प्रदीप ने मैदानी गोल करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के 40वें मिनट में मप्र हॉकी अकादमी के रजत ने गोल करके टीम की बढ़त को 2-1 कर दिया। इसके बाद हिमांशु ने 43वें और 44वें मिनट में नवल टाटा के गोलकीपर को छकाते हुए जगातार दो गोल दागे और टीम को 4-1 से बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर की शुरूआत में ही हिमांशु ने गोल करके मप्र हॉकी अकादमी की 5-1 से जीत तय कर दी। सेमीफाइनल में मप्र हॉकी अकादमी का मुकाबला राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी से होगा।

इससे पहले खेले गए दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में राजा करण हॉकी अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को एकतरफा 7-1 से पराजित कर दिया। राजा करण हॉकी अकादमी ने पहले क्वार्टर से ही दबदबा बनाए रखा और लगातार गोल किए। पहले क्वार्टर में एक, जबकि दूसरे, तीसरे और चौथे क्वार्टर में सैल्यूट की ओर से 2-2 गोल किए गए। सैल्यूट हॉकी अकादमी की ओर से एकमात्र गोल तीसरे क्वार्टर में किया गया। राजा करण हॉकी अकादमी के लिए सर्वाधिक 3 गोल लवप्रीत सिंह ने किए, जबकि शुभम ने दो गोल दागे। दूसरे क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास पंजाब और साई अकादमी कोलकाता के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। शूटआउट में राउंडग्लास ने साई अकादमी को 4-3 से पराजित किया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा। राउंडग्लास पंजाब की टीम ने दूसरे क्वार्टर में दो गोल करते हुए 2-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, तीसरे क्वार्टर में साई अकादमी ने दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 की बराबरी पर ला दिया।

### खेल से बढ़ता है आपसी सद्भाव : मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह

**भोपाल।** खेल से आपस में सद्भाव बढ़ता है। स्वास्थ्य ठीक रहता है और तनाव से मुक्ति मिलती है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यह बात ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में आयोजित प्रशासन और पत्रकारों के बीच क्रिकेट मैच के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने बैटिंग कर मैच का शुभारंभ किया। मंत्री श्री सिंह ने क्रिकेट मैच के आयोजन के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि इस तरह से खेल होते रहना चाहिए। उन्होंने क्रिकेट मैच में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया क्रिकेट मैच में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की टीम ने कलेक्टर इलेवन की टीम को 18 रन से हराया। वहीं पुलिस प्रशासन की टीम ने प्रिंट मीडिया की टीम को 9 विकेट से हराया। इस दौरान कलेक्टर अविनाश लवानिया, डीआईजी इरशाद वली, नगर निगम आयुक्त केबीएस चौधरी सहित अन्य अधिकारियों एवं पत्रकार साथियों ने रोमांचक पारी खेली।

# स्कॉटलैंड के खिलाफ आज टी20 विश्व कप में जीत के इरादे से उतरेगा अफगानिस्तान

### शाम 7.30 बजे से शुरू होगा मैच

**शारजाह।** टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को अफगानिस्तान और शारजाह के बीच रोमांचक मुकाबले के आसार हैं। अफगानिस्तान की टीम इस मैच में जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी हालांकि यह आसान नहीं है। देश में तालिबान के कब्जे के कारण टीम के लिए पिछले समय बेहद खराब रहा है और उसे अभ्यास तक का समय नहीं मिला है। इसके अलावा टीम चयन भी विवादों में रहा है। दिग्गज स्पिनर राशिद खान के कप्तानी छोड़ने के कारण टीम अनुभवी आलराउंडर मोहम्मद नबी की कप्तानी में यहां आई है। इसके बाद भी अफगानिस्तान ने अपने दोनो अभ्यास मैचों में जमकर संघर्ष किया। टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा पर उसने गत चैंपियन वेस्टइंडीज को हराकर सबको हैरान किया है, इससे उसका मनोबल भी बढ़ा है। अफगानिस्तान को सलामी बल्लेबाजों हजरतुल्लाह जजाई और मोहम्मद शहजाद से अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी जबकि मध्यक्रम में नजीबुल्लाह जदरान और कप्तान नबी पर रन बनाने की जिम्मेदारी रहेगी। टीम के पास राशिद, नबी और मुजीब जदरान जैसे स्पिनर हैं जिन्हें खेलना स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर स्कॉटलैंड ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को हराकर सबको हैरान कर दिया था। उस मैच में ली व्हील और जोश डेवी के अलावा स्पिनर मार्क वॉट ने अच्छा खेला था।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

अफगानिस्तान – राशिद खान, रहमानुल्लाह गुरबाज, हजरतुल्लाह जजाई, उस्मान गनी, असगर अफगान, मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जदरान, हशमतुल्लाह शाहिदी, मोहम्मद शहजाद, मुजीब जदरान, करीम जनत, गुलबदीन नायब, नवीन-उल-हक, हामिद हसन और फरीद अहमद।

### टी20 विश्व कप : श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाड़ी आपस में भिड़े , अंपायरों ने हटाया

**शारजाह।** बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर 12 राउंड के तीसरे मैच में दोनो ही टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गये। जिसके बाद दोनों ही खिलाड़ियों को अंपायर्स ने हटाया। दरअसल पहले बल्लेबाजी के लिए आई बांग्लादेश की टीम के लिए लिटन दास और मोहम्मद नईम बल्लेबाजी के लिए आए। दोनों ही बल्लेबाजों ने बांग्लादेश को अच्छी शुरूआत दी और तेजी से रन बनाने शुरू किए। पर इस दौरान श्रीलंका के गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने लिटन दास को आउट करके श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। आउट होने के बाद लिटन दास तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा से भिड़ गए। दोनों ही खिलाड़ियों के बीच मैदान में बहस भी शुरू हो गई। इस दौरान लिटन दास ने लाहिरू कुमारा पर बल्ले तान दिया। दोनों ही खिलाड़ियों को अन्य साथियों ने अलग किया।

# दो नई टीमों के आने से बीसीसीआई का भरेगा खजाना

### नीलामी में मिल सकती है 20 हजार करोड़ की राशि

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 से होने वाले आईपीएल के 15 सत्र के लिए दो टीमें बढ़ाने का जो फैसला किया है उससे बोर्ड पर पैसों की बरसात हो सकती है। दो नई टीमों से ही बोर्ड को करीब 20 हजार करोड़ रुपये मिल सकते हैं क्योंकि बीसीसीआई को एक नई फ्रेंचाइजी से ही 7 से 10 हजार करोड़ रुपए मिलने की उम्मीदें हैं। नई टीमों के लिए अगले सप्ताह से ही बोली प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि अब तक 22 अलग-अलग कंपनियों ने बोली लगाने के लिए 10 लाख रुपए में टेंडर दस्तावेज खरीदे हैं हालांकि दो नई टीमों के लिए बीसीसीआई ने आधार मूल्य ही दो हजार करोड़ रुपए रखा है। ऐसे में 22 में 5-6 कंपनियां भी आखिरी दौर में टीमों की खरीदने की दौड़ में शामिल रहेंगी। बीसीसीआई ने नई फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने के लिए तीन कंपनियों या व्यक्तियों के एक संघ को भी अनुमति दी है हालांकि शर्त यह है कि किसी व्यक्ति या कंपनी के मामले में उस विशेष इकाई का सालाना टर्न ओवर कम से कम तीन हजार करोड़ रुपए होना जरूरी है और कंपनियों के समूहों के मामले में अलग से हर कंपनी का सालाना टर्नओवर 2500 करोड़ रुपए का होना चाहिए। ऐसे में गौतम अडानी और उनकी कंपनी अडानी ग्रुप अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने की उम्मीद है। अगर अडानी समूह बोली लगाता है, तो अहमदाबाद फ्रेंचाइजी खरीदने की दौड़ में वो सबसे आगे होंगे। ठीक इसी तरह, आरपीएसजी ग्रुप के मालिक संजीव गोयनका भी नई फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगा सकते हैं हालांकि, यह अब तक साफ नहीं हो पाया है कि आरपीएसजी ग्रुप अकेले बोली लगाएगी या कंपनियों के समूह के साथ उतरेगी। जिस तरह से आईपीएल के प्रसारण अधिकार 36 हजार करोड़ रुपए में बिकने की उम्मीद जताई जा रही है उसे देखते हुए नई फ्रेंचाइजी की कीमत भी बढ़कर 3500 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है।

### भारत में आगामी समय में लांच होगी कई शानदार कारें

**नई दिल्ली।** आगामी समय में भारत में कई शानदार कारें लांच होने जा रही है। इनमें हैचबैक, एसयूवी और एमपीवी सेगमेंट की कारें शामिल हैं। ये कारें मारुति सुजुकी , सुजुकी-टोयोटा जॉइंट वेंचर के साथ ही जीप, म?हिंद्रा और ?किआ मोटर्स की है। इनमें से कुछ कारें मौजूदा पॉपुलर मॉडल का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल है, वहीं कुछ कारें एमपीवी और एसयूवी सेगमेंट में नई आ रही हैं। आपको बता दे हैं कि भारत में नई कारें कब लॉन्च हो सकती हैं? भारत में जल्द ही मारुति सुजुकी अपनी कई कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश करने वाली है, जिनमें नेक्टस जनरेशन मारुति अल्टो के साथ ही न्यू मारुति सेले?रियो भी है। ये दोनों हैचबैक कारें अगले साल की शुरुआत में भारत में लॉन्च हो सकती हैं। जहां कंपनी इन कारों के लुक बेहतर करेंगी, वहीं इसमें लेटेस्ट फीचर्स भी दिए जाएंगे। भारत में मारुति ऑल्टो सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है और इसके नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। भारत में जल्द ही मारुति सुजुकी और टोयोटा मोटर्स की जॉइंट वेंचर में नई एसयूवी लॉन्च होने वाली है, दो देखने में काफी पावरफुल और फीचर्स के मामले में धांसू होगी।भारत में अगले 3-4 महीनों में महिंद्रा अपनी पॉपुलर एसयूवी स्कॉर्पियो का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल भी पेश करने वाली है, जो कि आल न्यू म?हिंद्रा स्कॉर्पियो होगी और इससे एसयूवी सेगमेंट में महिंद्रा की और ज्यादा धाक जमेगी। अपकमिंग नेक्स्ट जेनरेशन महिंद्रा स्कॉर्पियो में काफी सारे लेटेस्ट फीचर्स देखने को मिलेंगे, जो मौजूदा समय में बेहत जरूरी हैं। भारत में अपनी कॉम्पैक्ट और मिड साइज एसयूवी से धमाका मचाने वाली किआ मोटर्स जल्द ही भारत में मारुति इरटीगा, मारुति सुजुकी एक्सएल6 जैसी धांसू कारों से मुकाबले को ?किआ केवाय नाम से नई एमपीवी लॉन्च कर सकती है, जो बेहतरीन लुक और फीचर्स से लैस होगी। भारत में अगले 6 महीनों के दौरान ये सभी हैचबैक, एसयूवी और एमपीवी सेगमेंट की धांसू कारें लॉन्च हो जाएंगी।भारत में जीप भी अपना विस्तार करते हुए जल्द ही जीप मेरीडीयन नाम से नई एसयूवी लॉन्च करने वाली है।

# पेट्रोल और डीजल में 35-35 पैसे प्रति लीटर की बढोतरी




**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल में तेजी के कारण रविवार को घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार पांचवें दिन 35-35 पैसे प्रति लीटर की बढोतरी की गई। दिल्ली में पेट्रोल 107.59 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.32 रुपए प्रति लीटर के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को इन दोनों की कीमतों में 35-35 पैसे प्रति लीटर की बढोतरी की गई थी। र?विवार की बढोतरी के बाद मुंबई में पेट्रोल 113.46 रुपए और डीजल 104.38 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पेट्रोल सबसे महंगा 116.26 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 105.64 रुपए प्रति लीटर पर, पटना में पेट्रोल 111.24 रुपए और डीजल 102.93 रुपए प्रति लीटर, बेंगलुरू में पेट्रोल 111.34 रुपए और डीजल 102.23 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। रांची में पेट्रोल के साथ ही डीजल भी शतक लगा चुका है। अब दोनों की कीमतों में मात्र 26 पैसे का अंतर रह गया है। पेट्रोल 101.89 रुपए और डीजल 101.63 रूपए प्रति लीटर पर है। दिल्ली एनसीआर के नोएडा में पेट्रोल 104.76 रुपए और डीजल 96.47 रुपए प्रति लीटर पर है। अभी देश के अधिकांश प्रमुख बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर को पार कर चुकी है और डीजल भी शतक लगाने की ओर बढ़ रहा है। इस महीने में अब तक 24 दिनों में से 19 दिन इन दोनों की कीमतों में बढोतरी हुई है। इस महीने में अब तक पेट्रोल 5.95 रुपए प्रति लीटर और डीजल 6.55 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल अभी भी ऊंचे स्तर पर बना हुआ। सप्ताहांत पर कल अमेरिकी बाजार में तेजी रही। ब्रेंट क्रूड 0.92 डॉलर की बढ़त के साथ 85.53 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.09 डॉलर चढ़कर 82.50 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### विदेशी मुद्रा संकट के बीच श्रीलंका ने ईंधन खरीदने भारत से ऋण मांगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने कहा कि वह विदेशी मुद्रा संकट के बीच तेल की खरीद का भुगतान करने के लिए भारत से 50 करोड़ डॉलर का ऋण सुनिश्चत करने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री उदय गम्मनपिला ने कहा ?कि ऋण प्रस्ताव को मंजूरी के लिए वित्त विभाग को भेजा गया है। उसके बाद इसे मंत्रिमंडल को पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने पहले ही ईंधन की खरीद के लिए ओमान से 3.6 अरब डॉलर के कर्ज को मंजूरी दे दी है। उन्होंने इससे पहले कहा था कि विदेशी मुद्रा संकट और कच्चे तेल की उच्च वैश्विक कीमतों के बीच देश में ईंधन की मौजूदा उपलब्धता की गारंटी अगले साल जनवरी तक ही दी जा सकती है। देश की पेट्रोलियम कंपनी सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) द्वारा ईंधन की कीमतों में वृद्धि की आशंका को देखते हुए देश के कई इलाकों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगना शुरू हो गई हैं।

# सेंसेक्स की पांच प्रमुख कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.42 लाख करोड़ घटा

### दस प्रमुख कंप?नियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकारार रही



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,42,880.11 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 484.33 अंक या 0.79 प्रतिशत नीचे आया। शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 45,523.33 करोड़ रुपए घटकर 5,76,836.40 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 45,126.6 करोड़ रुपए के नुकसान से 16,66,427.95 करोड़ रुपए पर और टीसीएस का 41,151.94 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 12,94,686.48 करोड़ रुपए पर आ गया। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 8,890.95 करोड़ रुपए घटकर 4,65,576.46 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,187.29 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 9,31,371.72 करोड़ रुपए रह गया। इस रुख के ?विपरीत कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,747.78 करोड़ रुपए बढ़कर 4,30,558.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 22,248.14 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,26,497.27 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह एचडीएफसी की बाजार हैसियत 17,015.22 करोड़ रुपए बढ़कर 5,24,877.06 करोड़ रुपए पर और भारतीय स्टेट बैंक की 11,111.14 करोड़ रुपए के लाभ के साथ 4,48,863.34 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 1,717.96 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार पूंजीकरण 7,29,410.37 करोड़ रुपए रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक का स्थान रहा।


### बीते सप्ताह त्योहारी मांग से तेल-तिलहनों की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग बढ़ने और तिलहन की कमी की वजह से बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और सीपीओ सहित लगभग तेल- तिलहन के भाव सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार ने कहा कि देश में त्योहारी के साथ सर्दी के मौसम की मांग बढ़ रही है। सोयाबीन और मूंगफली की नई फसलों की भी बाजार में आवक शुरू हो गई है। हालिया बरसात से कुछ तिलहन फसलों को नुकसान भी हुआ है। इन सब परिस्थितियों के बीच तेल-तिलहन कीमतों में सुधार ?दिखाई ?दिया। बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 145 रुपए सुधरकर 8,870-8,900 रुपए प्रति क्विंटल हो गया, जो पिछले सप्ताहांत 8,730-8,755 रुपए प्रति क्विंटल था। सरसों दादरी तेल का भाव पिछले सप्ताहांत के मुकाबले 450 रुपए बढ़कर समीक्षाधीन सप्ताहांत में 18,000 रुपए क्विंटल हो गया। सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें 40-40 रुपए बढ़कर क्रमशः 2,705-2,745 रुपए और 2,780-2,890 रुपए प्रति टिन हो गईं।त्योहारी मांग के कारण समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दाने का भाव 50 रुपए का लाभ दर्शाता 5,300-5,500 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ जबकि सोयाबीन लूज के भाव 5,050-5,150 रुपए क्विंटल के पूर्वस्तर पर बने रहे।सुधार के आम रुख के कारण सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमशः 370 रुपए, 420 रुपए और 380 रुपए का लाभ दर्शाते क्रमशः 14,050 रुपए, 13,670 रुपए और 12,580 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

# सुहागिनों ने चांद देखकर खोला करवा चौथ का व्रत

## सोशल मीडिया पर दिनभर करवाचौथ की बधाई को लेकर लगा रहा तांता, नव विवाहिताओं ने भी रखा पहलीबार उपवास

**भिण्ड।** करवाचौथ पर सुहागिनों ने चांद का दीदार करके अपना व्रत खोला। साथ ही पति की दीर्घायु और खुद के अखंड सौभाग्य की कामना की। इस दौरान पतियों ने भी अपने पत्नियों को गिफ्ट दिये, इसी के साथ ही पत्नियों का दिनभर निर्जला उपवास का व्रत पूरा हुआ। हिंदू त्योहार में करवा चौथ के पर्व का कावऊी महत्व है। इस त्योहार को पति-पत्नी के अटूट रिश्ते के त्योहार के रूप में जाना जाता है। करवा चौथ का त्योहार पति-पत्नी के मजबूत रिश्तेए प्यार और विश्वास को भी दर्शाता है। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत किया जाता है। इस साल यह व्रत रविवार को मनाया गया। सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर व्रत रखकर अपने पति के लिए लंबी उम्र की कामना करती हैं। कोरोना काल के बाद पहली बार करवा चौथ की रौनक देखी गई। शहर के हाऊसिंग कॉलोनी में करवा चौथ त्योहार पर लाल सुरख जोडे में सजीए मांग में सुहाग का प्रतीक सिंदूर रंग-बिरंगी चूडियों से सजी हाथ की कलाइयां मेहंदी से रचे सुरख लाल हाथ पैरो में अलीता लगाए, सुहागिन स्त्रियां ब्रेसबी से इंतजार करती हैं। दिनभर अन्ना-जल त्याग कर जब रात को पत्नियां सज-संवरकर, हाथों में पूजा की थाली लिए, थाली में करवा रख, छलनी लिए, सूर्य अस्त के बाद छत पर चढ़कर जब चांद निकलने इंतजार कर रहीं थीं। दिनभर निर्जला रही और रात को चंद्रमा को अघ्र्य देकर व्रत खोला। शाम को सुहागिनो ने सोलाह श्रंगार कर पूजा कर उन्हें सुहाग की वस्तुएं भेंट की और कथा सुनी बाद में चन्द्र के दर्शन के बाद पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। कई सुहागिनों ने एक दूसरे के करवे कलपकर पानी पीकर व्रत खोला तो कई सुहागिनों ने पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोला। जिसके बाद पूजा-अर्चना के बाद सुहागिनों ने घर के बड़े बुजुर्गों से आर्शीवाद लिया।



### रात होते ही भगवान चंद्र देव को दिया अर्घ्य

चांद निकलते ही सुहागिन स्त्रियां पूजन सामग्री से सजी थाली और छलनी लेकर पूजा अर्चना में जुट गईं। विधिवत पूजन उपरांत सुहागिनों ने बडे उत्साह से भगवान चंद्र देव को अर्घ्य दिया और छलनी की ओर से चांद को निहारते हुए सदा सुहागिन बने रहने के लिए पति के चेहरे को भी निहारा और आरती उतारकर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहणकर व्रत का पालन किया।

### सोशल मीडिया पर भी गतिविधिया रही तेज

मोबाइल के वीडियो कॉल से पति का चेहरा देखकर व्रत खोला करवाचौथ मनाने से पहले सुबह से शाम तक सोशल मीडिया की गतिविधियां भी तेज रही, सभी ने एक दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दी। वहीं चंद्रोदय की सूचनाएं भी देते रहे। महिलाओं ने दूर रहते जीवन साथी को वीडियो कॉल के माध्यम से देख व्रत खोला।

प्राचीन समय से चली आ रही है परंपरा

मालूम हो कि प्राचीन समय से चली आ रही धार्मिक और सामाजिक परंपरा के अनुसार सुहागिनों ने खास पर्व करवा चौथ पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ धूमधाम के साथ मनाया। बता दें की हर साल मनाया जाने वाला करवाचौथ का पर्व सुहागिन स्त्रियों का अनमोल पर्व है। इस त्योहार पर व्रत का पालन करते हुए सुहागिन स्त्रियां अखंड सुहाग की कामना का मन, वचन, कर्म से अपने पति देव के प्रति पूर्ण समर्पित रहने का संकल्प लेती हैं। इस करवा चौथ व्रत का कठोर पालन करने वाली सुहागिनें पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटी हुईं थीं। पूजा अर्चना करने से पूर्व चावल और हल्दी पीसकर दीवाल पर करवा चौथ का चित्र बनाया जाता है और इस चित्र को वर का प्रतीक कहा जाता है। यही कारण है कि भारतीय नारी के आदर्शों और संस्कृति को सहेज कर रखने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर आज सुहागिन स्त्रियों में विशेषकर नई नवेली दुल्हनों में खास उत्साह देखने को मिला।

## जुआरियों के अड्डे पर पावई पुलिस ने मारा छापा नगदी सहित आठ मोबाइल जप्त



**भिण्ड।** पावई पुलिस ने हार जीत का दांव लगा रहे जुआरियों के अड्डे पर छापामार कार्यवाही की है। पुलिस ने रात्रि 1:00 बजे ग्राम मसूरी में हार जीत के चल रहे जुए पर दबिश देकर 11 जुआरियों को पकड़ा तथा उनके कब्जे से 33500 और आठ मोबाइल जप्त किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 1:00 बजे मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम मसूरी में गुड्डू खान पुत्र पुत्र बालक ट खान की गोंडे मैं हार जीत का ताऊ लाकर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं उक्त सूचना पर से फोर्स लेकर मुखबिर द्वारा बताए हुए स्थान पर पहुंचे खेल रहे जुआरियों 1. लटूरी सिंह पुत्र संतराम भदोरिया निवासी मसूरी, 2. कदम सिंह भदोरिया पुत्र बाल किशन सिंह निवासी मसूरी,3. पुती नट पुत्र गूंगे नट निवासी मसूरी, 4. सत्तार खान पुत्र शरीफ खान निवासी मसूरी, 5. छोटू खान पुत्र विलायत खान निवासी मसूरी, 6. सोनू पुत्र सुरेंद्र सिंह भदोरिया निवासी मसूरी, 7. मनीष नरवरिया पुत्र फेरन नरवरिया निवासी मोहनपुरा, 8. लोकेंद्र सिंह पुत्र टेकराम सिंह तोमर निवासी मसूरी, 9. वीरेंद्र सिंह पुत्र लखपत सिंह निवासी अटेर रोड भिंड, 10. रामविलास पुत्र रामसहाय निवासी मसूरी, 11. राकेश जाटव पुत्र अमन जाटव निवासी मसूरी को घेर कर पकड़ा उन जुआरियों के कब्जे से 33500 रुपए और 8 मोबाइल फोन जप्त किए।

**इनकी रही भूमिकः** थाना प्रभारी सुधाकर सिंह एएसआई मुकेश सिंह, आर.अनिल तोमर, आर. वासुदेव, आर.रवि आर. अजय सिकरवार,महिला आर. रूबी की भूमिका रही।

## बाजार में सप्लाई होने जा रहा मिलावटी मावा जप्त, लहार पुलिस की कार्रवाई

### मौके पर एफएसओ टीम ने की सेम्पलिंग

**भिण्ड।** त्यौहारी सीजन आते ही जिले में मिलावटी मावा का कारोबार जोर पकड़ता जा रहा है। रविवार के रोज लहार एसडीओपी द्वारा पुलिस टीम के साथ छापामार कार्यवाही करते हुए दमोह कस्बे के पास रतनपुरा तिराहे से 2 टन से अधिक मिलावटी मावा की खेत को जप्त किया गया। यह मावा शुरुआती जांच में मिलावटी होने की बात सामने आई है। फिलहाल इस पूरे मामले में फूड विभाग के एसएसओ द्वारा जप्त मावा की सैंपल की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। ज्ञात हो कि ग्वालियर चंबल अंचल में भिंड जिले के अंदर त्योहारी सीजन के दौरान बड़े पैमाने पर मिलावटी एवं जहरीला मावा निर्मित किया जाता है, जिसे निर्माण के बाद ग्वालियर सहित भोपाल इंदौर एवं अन्य प्रांतों में सप्लाई किया जाता है। उक्त गोरखधंधे को अंजाम देने के लिए बड़े ही सिंडिकेट सिस्टम से कारोबार संचालित होता है, जिसमें व्यापार में लिप्त माफिया द्वारा नकली और मिलावटी मावा तैयार कर डिमांड के आधार पर मार्केट में सप्लाई किया जाता है। गौरतलब है कि बीते दो-तीन रोज से लगातार ग्वालियर सहित आसपास के क्षेत्रों में मिलावटी मावा चैकिंग में बरामद किया गया, जिसे भिंड से निर्माण कर वहां सप्लाई किए जाने की बात सामने आई। रविवार के रोज लाहौर एसडीओपी अवनीश बंसल को सूचना मिली क्षेत्र के दमोह कस्बे स्थित रतनपुरा तिराहे के पास बड़े पैमाने पर मिलावटी मावा बस के माध्यम से सप्लाई होने जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसडीओपी ने दबिश देकर रतनपुरा चौराहे के पास से 62 दलिया मावा की डलिया बरामद की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मावा सप्लाई में लिप्त आरोपी राजकिशोर पुत्र रामस्वरूप पाठक निवासी गिरवासा को गिरफ्तार भी किया।



### अल सुबह की कार्रवाईः

रतनपुरा के पास से जप्त किए गए इस मावा को पुलिस द्वारा अल सुबह ही बरामद कर लिया गया था। जिसमें एसडीओपी ने शताब्दी एक्सप्रेस की बस में लोड करके जा रहे 2 टन मावा को जप्त करने के बाद मामले की सूचना तुरंत प्रशासन और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को पहुंचाई। इसके साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार सप्लायर और मावा को पुलिस सुरक्षा में लिया। एसडीओपी बंसल ने बताया कि लहार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिलावटी मावा तैयार कर झांसी के रस्ते मार्केट में भेजा जा रहा है। जिसे दीपावली के दौरान खपाए जाने की योजना है।

### एफएसओ टीम ने लिए सैंपलः

दबोह कस्बे में मिलावटी मावा जप्त होने के जानकारी मिलने पर जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम को रविवार के रोज ही मौके पर रवाना किया गया। जिनके द्वारा पुलिस द्वारा जप्त किए गए मावा के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भोपाल में पहुंचाए जाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। एफएसओ टीम ने बताया कि शुरुआती जांच में जप्त मावा के मिलावटी होने की संभावना सामने आई है। लेकिन इसकी आधिकारिक रूप से रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि की जा सकेगी।

### इनका कहना है

दबोह के रतनपुरा के पास से मिलावटी मावा बस से जप्त किया गया है। जिसे सेंपल के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारियों को सौंप दिया गया है। इसके सेंपल की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अवनीश बंसल**, एसडीओपी लहार

## गोरमी थाना प्रभारी ने बडी मात्रा मे पकड़ी गई बिस्फोटक सामग्री , पौने दो लाख फटाके सहित अन्य बारुद जप्त

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के द्वारा दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अवैध फटाका बालों पर कार्रवाई करने निर्देश दिया गया ताकि कोई जनहानि ना हो। इसी अभियान के तहत रविवार को थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा गौरमी द्वारा मुखबिर की सूचना पर से ग्राम सुकांड में आरोपी लल्ली उर्फ सुलेमान खान पुत्र अल्लादीन खान उम्र 40 साल, शकूर खान पुत्र अहमद खान उम्र 62 साल निवासी गण सुकांड के कब्जे से 10 बोरों मैं भरे हुए फटाके काशीराम सहित अन्य बारुद के सामान कीमत करीबन पौने दो लाख रुपए के पटाखे जप्त किया गये। आरोपी गण के विरुद्ध धारा 9 ख विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### हफ्ता बसूली करने को लेकर युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** गोहद थाना क्षेत्र के कैंची की पुलिया के पास एक युवक हफ्ता बसूली कर रहा था, जिसका एक व्यक्ति ने विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकातय पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 7 बजे अफजल पुत्र छिद्दे खान निवासी वार्ड क्र.5 नूरगंज ने बताया क्षेत्र की कैंची की पुलिया के पास आरोपी सोनू ओझा निवासी गोहद चौराहा जो हफ्ता बसूली कर रहा था, जिसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## इलाज में लापरवाही करने से गई महिला मरीज की जान, डॉक्टर-नर्स पर मामला कायम

**भिण्ड।** जिले के राम अस्पताल में एक प्रसूता की मौत के 32 महीने बाद चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। 2 साल से अधिक इस पुराने प्रकरण में विभागीय जांच के बाद रौन थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई को अंजाम देते हुए चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामले में जानकारी देते हुए एसडीओपी लाल लहार अवनीश बंसल ने बताया कि 27 जनवरी 2019 को मछंड कस्बे में रहने वाली 20 वर्षीय अंजलि तिवारी पत्नी मनोज तिवारी को प्रसव के लिए रौन स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। यहां डिलीवरी के दौरान प्रसूता की हालत खराब होने लगी और लगातार ब्लीडिंग होने के चलते परिजनों द्वारा मौके पर मौजूद डॉ अरविंद अग्रवाल एवं स्टाफ नर्स अनीता जाटव से उसका इलाज किए जाने को लेकर बात कही गई, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ अरविंद अग्रवाल और स्टाफ नर्स द्वारा लापरवाही बरतते हुए मरीज को ना तो उचित उपचार दिया गया और ना ही उसे गंभीर हालत में अन्य चिकित्सालय में रेफर किया गया। इसके चलते महिला मरीज की मौत हो गई। घटना के बाद मृतिका के पति मनोज तिवारी द्वारा चिकित्सकों द्वारा लापरवाही का आरोप लगाते हुए रौन थाना में शिकायत की गई, जिस पर रौन थाना पुलिस द्वारा मामले को जांच में ले लिया गया। एसडीओपी ने बताया कि मृतका के पति की शिकायत को आधार बनाकर जब प्रकरण की जांच पड़ताल की गई तो स्वास्थ विभाग द्वारा की गई विभागीय जांच में सामने आया कि तत्कालीन चिकित्सक डॉ अरविंद अग्रवाल एवं स्टाफ नर्स अनीता जाटव द्वारा लापरवाही बरतने के चलते अंजलि तिवारी की मौत हुई थी।

### जन्मदिन के पैसों पर चोरों ने किया हाथ साफ दूसरे कमरे से जेवरात उड़ाए

**भिण्ड।** देहात थाना अंतर्गत हॉजी नगर में एक घर में चोरों ने धावा बोला। चोरों ने बेटे के जन्मदिन के लिए रखे गये पैसों पर डांका डाल दिया। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे कमरे में रखे सोने-चांदी के आभूषण समेत नकदी समेट ले गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। देहात पुलिस के मुताबिक रोहित पुत्र स्व. कृष्णपाल सिंह राजावत के घर शनिवार की देर रात चोर घर में पीछे के रास्ते घुसे। चोरों ने सबसे पहले उसकी कमरे की कुंदी लगाई जिसमें रोहित व उसकी पत्नी संध्या सो रही थी। चोरों ने इसके बाद घर की खाना तलाश ली और अलमारी व बॉक्स के ताले तोड़ते हुए घर में रखे सोने-चांदी के जेवर उड़ा दिए। फरियादी रोहित का कहना है कि वो अहमदाबाद में सिक्योरिटी कंपनी में कर्मचारी है। उसने अपनी मेहनत की कमाई से 53 हजार रुपए जोड़कर रखे थे। इन पैसों से वो अपने बेटे अभिनव का प्रथम जन्म दिन मनाने जा रहे थे। अभिनव का जन्म दिन 3 नवंबर का था। इसी की तैयारियां में जुटे हुए थे। इससे पहले चोर घर की सफाई करते हुए अरमानों पर पानी फेर गए। चोर के जूतों का नंबर आठ पुलिस जब मौके पर पहुंची तो चोरों के सबूत पुलिस के हाथ लगे है। चोर आठ नंबर जूता पहनते है। वे घर के अंदर पीछे के रास्ते से आए हुए है। चोर जिस रास्ते से आए है। उस रास्ते पर फुट प्रिंट पुलिस को मिले है। पुलिस ने मौका-ए-वारदात से चोरों के खिलाफ फिंगर प्रिंट समेत अन्य सबूत जुटाते हुए तलाश शुरू कर दी।

इसी

## समाजसेवी पूर्व प्राचार्य गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ अस्पताल में हुआ फल वितरण

**गोरमी।** नगर के जाने-माने समाजसेवी पूर्व प्राचार्य एवं ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद सिंह गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर स्थानीय पटेल महाविद्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय राजनेता समाजसेवी एवं पत्रकार शामिल हुये श्रद्धांजलि सभा के प्रारम्भ में सभी लोगों ने स्वर्गीय गुर्जर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये इसके बाद सभी वक्ताओं ने समाजसेवी गुर्जर के जीवन मे विस्तार पर प्रकाश डालते हुये कहा कि बो एक महान कर्मयोगी थे टीकरी जैसे बेहड़ के गांव से गोरमी आकर उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से शिक्षा एवं समाज सेवा के माध्यम से नगर में अपना विशेष स्थान बनाया इसके बाद राजनीति में आकर भी उन्होंने अपनी अलग छाप छोड़ी जो हम सब लोगो के लिये आज भी एक प्रेरणा है एवं हम सब लोग उनके बताए मार्ग पर चलकर राजनीति एवं समाज सेवा में असहाय एबम गरीवी की मदद कर उन को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे श्रद्धांजलि सभा के उपरांत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन गोकुल सिंह परमार ने किया एवं अंत में आभार प्रगट बृजेंद्र सिंह गुर्जर ने किया । श्रद्धांजलि सभा एवं फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह भदोरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र नरवरिया, श्री कृष्ण कटारे, जंडेल सिंह भदौरिया, जगत सिंह यादव, भीष्म प्रताप सिंह भदोरिया, राजीव सिंह भदौरिया, दलवीर सिंह तोमर, प्रेम सिंह सखवार, जयवीर पुरोहित, दारा सिंह गुर्जर, निर्मल आर्य, गोकुल सिंह परमार, गजेंद्र सिंह गुर्जर, जय सिंह गुर्जर, गुलाव सिंह गुर्जर, हरिओम कटारे, अरविंद नरवरिया, टेक सिंह गुर्जर, अरविंद जैन, रणवीर परमार, दिनेश श्रीवास, प्रीतम सिंह नरवरिया, उज्ज्वल कटारे, डॉ वेदप्रकाश शर्मा, राहुल कटारे, डॉ कुसलपाल सिंह गुर्जर, अशोक गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### महिला ने कराया ससुराल पक्ष पर दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज

**भिण्ड।** मिहोना थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.2 निवासी एक महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के तहत मामला दर्ज कराते हुए थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने मामले की जांच उपरांत ससुराल पक्ष पर दहेज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर 1.28 बजे रजनी पत्नी राहुल शर्मा निवासी मिहोना ने बताया ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए परेशान करते हैं पुलिस ने मामले की जांच उपरांत पति राहुल शर्मा, सास राजकुमारी, ससुर श्रीप्रसाद शर्मा, निवासीगण गोले का मंदिर ग्वालियर के विरुद्ध दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते वृद्ध के साथ मारपीट, अधिया से की फायरिंग

**भिण्ड।** ऊमरी थाना क्षेत्र के ग्राम रूर में पुरानी रंजिश के चलते वृद्ध के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी और दहशत फैलाने के लिए कट्टे से फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे माखनसिंह पुत्र कालीचरण यादव उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम रूर ने बताया उसी गांव निवासी प्रधुम्न यादव, लवकुश यादव ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करते हुए गालियां दी और अधिया से फायरिंग की।

## उज्जवला गैस के सिलेण्डर बताकर कबाड़ में बेचने की उड़ाई खबर

थे कबाड़ सिलेण्डर हकीकत 17 साल पुराने रिलायंस कंपनी के

भिण्ड। बीते दिनों एक कबाड़ी की दुकान पर एक साथ कई सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया। जहां एक निजी चैनल ने इसे उज्जवला योजना के सिलेंडर बताते हुए यह खबर चलाई कि लोगों के पास गैस भरवाने के पैसे ना होने से उज्जवला योजना के सिलेंडर उन्होंने कबाड़े में बेच दिए हैं। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भी वीडियो को शेयर कर भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लिया।

खबर चलने और पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो ट्वीट किए जाने से प्रशासन में भी हड़कंप मच गया और कलेक्टर द्वारा आनन फानन में इसकी जांच दबोह तहसीलदार, सहायक आपूर्ति अधिकारी भिण्ड एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लहार को सौंपी गई। जांच टीम द्वारा वीडियो के सोर्स का पता लगाया गया तो मालूम पड़ा कि वीडियो में दिखाई गई कबाड़ी की दुकान दबोह के चौक मोहल्ला निवासी रामसेवक खटीक की है। उससे जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह सिलेंडर उसे रवि गुप्ता द्वारा बेचे गए थे। लेकिन किसी ने इसके वीडियो बनाकर खबर चला दी। ऐसे में कबाड़ी ने कार्यवाही के डर से वह सिलेंडर वापस रवि गुप्ता को दे दिए। जिसके बाद जांच टीम रवि गुप्ता के पास पहुंची, तो रवि गुप्ता ने बताया कि यह सिलेंडर सरकारी गैस एजेंसी के ना होकर 1999 में आई कंपनी रिलायंस के हैं। उन्होंने रिलायंस का डिस्ट्रीब्यूशनशिप लिया था लेकिन कुछ समय बाद ही 2004 में कंपनी बंद हो गई। ऐसे में उन्होंने कंपनी से सिलेंडर वापस ले जाने की मांग की। लेकिन कंपनी द्वारा सिलेंडर वापस ना ले जाने पर वह सालों से अनुपयोगी पड़े थे।



## विधायक ने ग्राम सीताराम पुरा में किया वृक्षा रोपण



**भिण्ड।** ि वधानसभा क्षेत्र के ग्राम सीताराम पुरा में रविवार को वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक संजीवसिंह कुशवाह उर्फ संजू शामिल हुए जिन्होंने पौध लगाकर ग्रामवासियों को संदेश दिया कि सभी लोगों को अपने जीवन काल में एक पौधा जरुर लगाना चाहिए क्योंकि पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे जिन्होंनें ग्रामीणों के सामने पौध रोपण किया। इस दौरान विधायक संजीवसिंह कुशवाह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन रक्षक हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों का होना अति आवश्यक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल पौधा लगाकर अपनी जिम्मेदारी से अलग न हो बल्कि उनका उचित संरक्षण भी आवश्यक है।

## पीएम का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश को संबोधित किया। दिवाली से पहले दिए 20 मिनट के संबोधन में मोदी का ज्यादातर फोकस कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरे होने और महामारी से निपटने के तरीकों पर रहा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने एक संदेश भी दिया कि महामारी के वक्त जो सवाल उठे थे, देश ने उनके जवाब दे दिए हैं। साथ ही साथ उन्होंने अर्थव्यवस्था, किसानों और त्योहारों का भी जिक्र किया, तो मास्क को लेकर नया मंत्र भी दिया। संबोधन की शुरुआत वेद वाक्य से करते हुए मोदी ने कहा, कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहित꞉...इसे भारत के संदर्भ में देखें तो हमारे देश ने एक तरफ कर्तव्य का पालन किया तो उसे बड़ी सफलता भी मिली। कल भारत ने 100 करोड़ वैक्सीन डोज का कठिन लेकिन असाधारण लक्ष्य प्राप्त किया है। इसके पीछे 130 करोड़ देशवासियों की शक्ति लगी है। यह हर देशवासी की सफलता है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है। यह देश के सामर्थ्य का प्रतिबिंब है। यह उस नए भारत की तस्वीर है जो कठिन लक्ष्य हासिल करना चाहता है। जो अपने संकल्प की सिद्धि के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करता है। मोदी ने संबोधन में विपक्ष को भी करारा जवाब दिया, जो महामारी की शुरुआत से लेकर वैक्सीन के महारिकॉर्ड बनने तक सवाल उठा रहा था। पीएम ने कहा कि 100 करोड़ वैक्सीन का लक्ष्य सभी के प्रयास से संभव हो पाया है। इसमें हर उस व्यक्ति की भागीदारी है जो आगे आया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के इस प्रयास की दुनियाभर में सराहना हो रही है, लेकिन इस विश्लेषण में एक बात छूट जाती है कि दुनिया के लिए वैक्सीन खोजना और दुनिया की मदद करना। इसमें विदेश की महारत है। हम इनकी बनाई वैक्सीन ही इस्तेमाल करते रहे। जब भारत में सदी की सबसे बड़ी महामारी आई तो सवाल उठा कि क्या भारत इससे लड़ पाएगा। वैक्सीन खरीदने का पैसा कहां से आएगा। क्या भारत इतने लोगों को टीके लगा पाएगा। भांति-भांति के सवाल थे, लेकिन आज यह 100 करोड़ वैक्सीन डोज सबके जवाब दे रहा है। भारत ने यह 100 करोड़ वैक्सीन डोज लगाई है और वह भी मुफ्त। एक सबसे खास बात, जिसे पीएम ने अब कही, मगर देश कबसे महसूस कर रहा था। वैक्सीन लगाने में किसी तरह का आम और खास का वातावरण नहीं बनने दिया गया। गांव, शहर, सुदूर देश का एक ही मंत्र रहा कि वैक्सीन भेदभाव नहीं करती तो वैक्सीनेशन में भी भेदभाव नहीं हो सकता। ये सुनिश्चित किया गया कि वैक्सीनेशन अभियान पर वीआईपी कल्चर हावी न हो। कोई कितने ही बड़े पद पर क्यों न रहा हो, कितना ही धनी क्यों न रहा हो, उसे वैक्सीन सामान्य नागरिकों की तरह ही मिलेगी। प्रधानमंत्री बोले कि यह भी कहा जा रहा था कि यहां लोग टीका लगवाने आएंगे ही नहीं। दुनिया के कई देशों में यह बड़ी चुनौती बन गई है, लेकिन भारत ने 100 करोड़ वैक्सीन डोज लगाकर सबको निरुत्तर कर दिया है। हमने महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई में जन भागीदार को फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस बनाया। हमने ताली थाली बजाई तब कुछ लोगों ने कहा था कि क्या इससे बीमारी भाग जाएगी, लेकिन उससे एकजुटता की ताकत दिखी। उसी शक्ति ने इस देश को आज 100 करोड़ तक पहुंचाया है। मोदी ने कहा कि भारत का पूरा वैक्सीनेशन प्रोग्राम वैज्ञानिक आधार पर जन्मा है और पनपा है और वैज्ञानिक आधार पर चारों दिशा में पहुंचा है। हमारा पूरा वैक्सीनेशन प्रोग्राम साइंस बाउंड और सांइस बेस्ड रहा है। इस अभियान में हर जगह साइंस और साइंटिफिक एप्रोच शामिल रही है। चुनौती भी थी कि इतनी बड़ी आबादी, इतने दूर दराज के इलाकों में समय से वैक्सीन पहुंचाया जाए।

# प्रकृति का तांडव, एक त्रासदी ?

**नरेन्द्र भारती**

देश में कभी भूकंप, कभी सुनामी, जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदंगियां लीलता है। प्रकृति रौद्र रुप दिखाकर तबाही मचा रही है। उतराखंड में प्रकृति मौत का तांडव कर रही है।दर्दनाक मौतें हो रही है। ताजा घटनाक्रम में उतराखंड में लगातार हो रही बारिश से बादल फटने से और भूस्खलन से 14 मजदूरों समेत 40 लोंगों की

दर्दनाक मौतें हो गई।मजदूर जिंदा दफन हो गए।नदियों का जलस्तर खतरे के निशान पर आ गया है।प्रतिवर्ष लाखोंझारों लोग मारे जाते है। मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होश आता समय= पर भीषण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते।प्रकृति की इस त्रासदी से हर भारतीय गमगीन है। प्रकृति का यह तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है।कारें कागज की कश्तियों की तरह बह गई। मकान पानी में डूब गए है।उतराखंड में प्रकृति ने पहले भी प्रलय की इबारत लिखी थी । चमोली जिला के तपोवन में ग्लेशियर टूटकर ऋषिगंगा नदी में गिरा था और तबाही का मंजर पल भर में लोगों को लील गया था। ऋषिगंगा नदी के किनारे रैणी गांव में ऋषिगंगा पावर प्रोजेक्ट तहस नहस हो गया था और दर्जनों लोगों की लीली था। 16 लोगों को एडीआरएफ ने बचा लिया था।204 लोग लापता हो गए थे। और 34 शव बरामद कर लिए थे।यह बहुत ही त्रासदी थी।पल भर में लोग बह गए और लापता हो गए थे।चमोली में लापता लोगों की तलाश के लिए अब जियोंग्राफीकल स्कैनिंग की गई थी। गत 25 जुलाई 2021 को किन्नौर जिला के बटसेरी के गुसां के पास चटटाने गिरने से पर्यटकों की गाड़ी के भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे। बास्पा नदी पर बना पुल भी टूट गया था। साल 2020 में अम्फान चक्रवात ने पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में तबाही मचा दी थी ।80 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे। लाखों लोग बेघर हो गए थे ।पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे।इलाके जल्मगन हो गए थे। अक्तूबर 1999 में भी उड़ीसा में तूफान ने काफी तबाही मचाई थी। प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए थें।बच्चे अनाथ हो थे लाशे मलवे में दफन हो थी।2021 में हिमाचल में प्रकृति ने प्रलय की इबारत थी। किन्नौर से लेकर भरमौर तक प्रकृति मौत का तांडव मचाया था।सैंकड़ों लोगों की अकाल मौत हो गई थी। प्रकृति ने रौद्र रुप दिखाकर मानव को आगाह कर दिया है कि संभल जा अभी भी समय है।भूस्खलन व बाढ़ से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और 12 लोग लापता हो गए थे।धर्मशाला के भगसूनाग में भंयकर तबाही हुई थी।कुपवी में तीन मंजिला मकान जमीदोज हो गया था।कुदरत के इस कहर से हर हिमाचली दहशत में था। प्रकृति ने मानव को समय= पर आगाह किया मगर इंटरनैट की दुनिया के जाल में फंसा मानव खुद को प्रकृति से बड़ा माने लगा था उसे यह आभास नहीं था कि प्रकृति सबसे बड़ी गुरु है।प्रकृति ने बहुत कुछ सहा है। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है।मानव कृतध्न बनता जा रहा है।मानव ने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है।आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है। तबाही की इबारत लिख दी है ।मानव का अहम मिटाकर रख दिया है।गलतफहमियों में जी रहे मानव आज प्रकृति के आगे नतमस्तक हो चुकें है।अतीत में की गए कुकर्मो का पश्चाताप कर रहे है। चारों तरफ गंदगी है वातावरण अशुद्ध हो गया है।वातवरण कि शुद्धि के लिए प्रकृति मजबूर हो गई और मगरुर हो चुके इंसान का गुरुर तोड़ कर रख दिया है। अनजाने में हुई भूल को माफ किया जा सकता है मगर जानबूझकर की गई गलतियों की सजा प्रकृति ने मानव को दे दी है। मानव को जीवन और मौत की परिभाषा सिखा दी है।यह प्रलय की आहट है। कुदरत ने भटक चुके मानव को पाप और पुण्य का अंतर समझा दिया है।प्रकृति का एक संदेश है भटक चुके व अहंकारी इंसान के लिए जो कुदरत से खिलवाड़ करता था।प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी,छेड़छाड़ बंद करनी होगी।अगर अब भी मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी और मानव को सबक सीखाती रहेगी। कुदरत का कहर बरपता रहेगा।यह प्रकृति का एक टरेलर ही है अगर अब भी मानव ने प्रकृकि से छेड़छाड़ बंद नहीं की तो प्रकृति पूरी पिक्चर दिखएगी तब होश आएगा वक्त अभी संभलने का है।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है।गत वर्ष उतराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव हुआ था , एक अविस्मरणीय त्रासदी थी।प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए थे।कुछ बच गए थे कुछ लापता हो गए थे। प्रकृति समय पर आगाह करती रहती है मगर फितरती हो चुका मानव खुद को समझकार समझता है मगर प्रकृति ने एक छोटे से झटके से उसको औकात दिख दी है।सरकारो ने मुआवजे की घोषणा कर दी है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।प्रकृति से खेलना बंद करना होगा।यह प्रलय निरंतर होते रहेगें। हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातों को भूला दिया जाता है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है। मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं।कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है।देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। देश के हर राज्य में बरसात से त्रासदीयां हो रही है। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। सरकार को चाहिए की प्रत्येक गांव से लेकर शहरो तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिए जिसमें डाक्टर नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए ताकि व त्वरित कारवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचा सके ।अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थनों पर पहुचती है तब तक बची हुई सासें उखड़ जाती है लाशों के ढेर लग जाते है।अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिदंगियां बचाई जा सकती हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कालेजों व स्कूलों में भी माकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिए ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके।स्कूलो व कालेजों मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट एंड गाइड के स्वंयसेवियों को आपदा से निपटने के लिए पारगंत किया जाए।अगर यही स्वयसेवी अपने घर व गांवों में लोगों को आपदा से बचने के तरीके बताए तो काफी हद तक नुक्सान को कम किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि आपदा से बचाव के लिए प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जाए ताकि समय पर काम आ सके।पुलिस व अग्शिमन के कर्मचारियों को भी समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए।अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएगें तो तबाही कम हो सकती है।

## ईश्वर की कृपा बुद्धि से ही प्राप्त होती है

योग में आसन, प्राणायाम, मुद्रा और आहार-विहार आदि पर तो बहुत शोध हुए हैं, अब ध्यान और मुद्रा की बारी है। इस विधा के अनुसार शांत मस्तिष्क ऊर्जा का केंद्र है तो निर्मल मन शांति और स्थिरता का। शास्त्रों में इन केंद्रों की उपमा ब्रह्मलोक और क्षीर सागर से दी गई है। मस्तिष्क या खोपड़ी में जहां दिमाग माना जाता है वहां एक केंद्र की कल्पना की गई है। इस केंद्र को ब्रह्मकेंद्र कहते हैं। ब्रह्मरंध अर्थात् मस्तिष्क का मध्यबिन्दु। ब्रह्माण्ड के मध्य में ब्रह्मलोक माना गया है और ब्रह्मरंध्र मस्तिष्क में है। जीव और ब्रह्म के बीच अति महत्वपूर्ण आदान-प्रदान का माध्यम यही है। पृथ्वी भी मनुष्य की तरह अंतग्रही आदान प्रदान से समृद्ध होती रहती है। उससे सूक्ष्म आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन जुटते रहते हैं। इस आदान-प्रदान का केन्द्र द्वार ध्रुव है। ठीक इसी प्रकार मस्तिष्क का मध्य केन्द्र ब्रह्मरंध्र सहस्त्रार कमल है। यह जितना सशक्त या दुर्बल होता है उसी अनुपात में जीवन को ब्रह्मसत्ता के अनुदान पाने की सम्भावना बढ़ती है। अन्तर्जगत के इस ब्रह्मलोक की अमृत वर्षा का लाभ लेने के लिए खेचरी मुद्रा का साधन बताया गया है । ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त का साधन बताया गया है। ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त से बैठकर जीभ के अगले भाग को तालु मूर्धा से लगाया जाता है। सहलाने जैसे मन्द-मन्द स्पन्दन पैदा किये जाते हैं। उस उत्तेजना से सहस्त्र दल कमल की प्रसुप्त स्थिति जागृति में बदलती है। यह खेचरी मुद्रा है। इस स्तर पर अनुभव होने वाले उपादानों का वैज्ञानिक विश्लेषण अभी बाकी है। अध्यात्मविदों के अनुसार यदि भावना और क्रिया का सही समन्वय करके इस साधना को किया जा सके तो चेतना क्षेत्र में आनन्द और कार्य क्षेत्र में उल्लास की उपलब्धि होती है।

## अष्ट चिरंजीवी कौन है?

**डॉ. शारदा मेहता**

हमारे प्रमुख धार्मिक ग्रंथों में अष्ट चिरंजीवियों का महत्वपूर्ण स्थान है। इनका प्रातरूकाल नित्य स्मरण करने से मानव की आयु, यश, प्रभुत्व एवं कीर्ति में निरन्तर वृद्धि होती रहती है। मानव जीवन सुचारू रूप से चलता जाता है। निम्न श्लोक में इन आठ चिरंजीवियों के नाम दिए गए हैं-

**अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनूमांश्च विभीषणरू।**
**.परू परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनरू।।**
**सप्तैतान् स्मरेन्नित्यं मार्कण्डेय तथाष्टमम्।**
**जीवेद्वर्षशतं सोपि सर्वव्याधि विवर्जितम्।।**

अर्थात्- अश्वत्थामा, बलि, व्यासजी, हनुमानजी, विभीषण, .पाचार्य, परशुराम तथा मार्कण्डेय- ये अष्टचिरंजीवी हैं। ये सभी पृथक-पृथक् स्थानों पर निवास करते हैं। धार्मिक ग्रंथ पुराणादि के अनुसार इनके निवास यहाँ इस लेख में दर्शाए गए हैं।

1. अश्वत्थामा - अश्वत्थामा का निवास मध्यप्रदेश में है। बुरहानपुर जिले के असिरगढ़ नामक स्थान पर एक विशाल किला पहाड़ पर स्थित है। यह मान्यता है कि अश्वत्थामा आज भी वहाँ निवासरत हैं। भक्तों को वे यदा-कदा दर्शन भी देते हैं।

२. बलि - ये भक्त प्रह्लाद के वंशज थे। वे अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध थे। वामन अवतार के समय भगवान विष्णु वामनरूप धारण कर उनके दरबार में उपस्थित हुए और उनसे तीन पग जमीन की याचना की। बलि ने भी सहर्ष तीन पग जमीन देने की बात को स्वीकार कर लिया। वामनजी (भगवान विष्णु) ने एक पग में स्वर्ग लोक, द्वितीय पग में मृत्यु लोक तथा तृतीय पग में पाताल लोक नाप लिया। अपने वचन के अनुसार उन्हें तीनों लोक दान में देना पड़े। पुराणों के अनुसार तीसरा पग बलि के मस्तक पर रखा और उसे पाताल का राजा घोषित कर दिया। कुछ समय पश्चात् बलि ने विष्णुजी को पाताल का द्वारपाल घोषित कर दिया। लक्ष्मीजी विष्णुजी को ढूँढते हुए पाताल लोक पहुँची। उन्होंने वहाँ विष्णुजी को द्वारपाल के रूप में देखा। यह देख उन्हें अत्यन्त आश्चर्य हुआ। लक्ष्मीजी ने बलि के हाथ में रक्षासूत्र बाँधा और राजा बलि को अपना भाई बना लिया। बलि ने विष्णुजी को बन्धनमुक्त कर दिया तथा बलि को पाताल लोक का राज्य सौंप दिया।

3. व्यासजी - वेदव्यासजी अतिशय विद्वान थे। इन्होंने चारों वेदों का सम्पादन किया था। अठारह पुराणों की रचना भी इन्होंने की है। विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य महाभारत की रचना भी वेदव्यासजी ने की है। महाभारत का लेखन कार्य श्रीगणेशजी ने किया है। वेदव्यासजी बोलते थे और श्रीगणेशजी लिखते जाते थे। ये सत्यवती और पाराशर ऋषि के पुत्र थे। इनका जन्म यमुना नदी के एक द्वीप में हुआ था। इनका रंग साँवला होने से ये .ष्ण द्वैपायन भी कहलाए। विद्वानों का कथन है कि आज भी इनका निवास काशीनगरी में है।

4. हनुमानजी - हनुमानजी बल और कुशाग्र बुद्धि के देवता हैं। सभी देवताओं ने उन्हें चिरंजीवी होने का वरदान दिया है। हनुमानजी ने बाल्यावस्था में सूर्य को निगलने का प्रयत्न किया था, तब इन्द्र देवता ने इन पर वज्र प्रहार किया था। इस प्रहार से ये मरणासन्न हो गए थे। हनुमानजी की डाढ़ी (हनु) पर निशान बन गया था। इनके पिता वायु देवता इस घटना से कुपित हो गए थे। इन्हें आठ देवताओं ने चिरंजीवी का वरदान दिया था। वाल्मीकि रामायण के अनुसार इन्हें निम्नलिखित आठ देवताओं ने वरदान दिए थे-

1. इन्द्र - ये मेरे वज्र के द्वारा भी नहीं मारा जा सकेंगे।

2. सूर्य - मैं अपने तेज का सौंवा भाग इन्हें देता हूँ। ये मेरे वरदान से अच्छा वक्ता बनेंगे। इनके समान विश्व में कोई दूसरा नहीं होगा।

3. वरुण - दस लाख वर्षों की आयु हो जाने पर भी मेरे पाश और जल से तुम्हारी मृत्यु नहीं होगी।

4. यम - मेरे दण्ड से अवध्य और नीरोग रहोगे।

5. कुबेर - युद्ध में किसी प्रकार का विषाद तुम्हें न होगा। मेरी गदा भी संग्राम में तुम्हारा वध न कर सकेगी।

6. विश्वकर्मा - मेरे द्वारा निर्मित दिव्य अस्त्र-शस्त्र से तुम सर्वदा अवध्य रहोगे। और चिरंजीवी रहोगे।

7. शंकरजी - यह मेरे तथा मेरे आयुधों से हमेशा अवध्य रहेगा।

8. ब्रह्माजी - वायुदेव का यह पुत्र शत्रुओं के लिए भयंकर होगा। यह मित्रों को अभयदान देगा।

# (अभिशाप या वरदान) हैडफ़ोन, इयरफोन कितने

### सूडोकु नवताल- 5872

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5871 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

हम आधुनिकता के नाम पर प्रकृति से दूर होते जा रहे जिससे हम कई बीमारियों और समस्याओं को स्वयं निमंत्रित करते हैं .इस कोरोना काल ने जहाँ बच्चों का बचपन छीन लिया वहां सभी जन जो ऑनलाइन काम करते हैं या वर्क फ्रॉम होम संस्कृति ने मनुष्य को पंगु बना दिया .जिस प्रकार घोड़े को एक स्थान पर खड़ा रहने से उसकी शारीरिक क्षमता ख़तम हो जाती हैं उसी प्रकार वर्क प्रोम होम ने मनुष्यो को असामाजिक बना दिया .आज समाज एक दूसरे से मिलना नहीं चाहती और मिलते भी हैं तो शंकालु दृष्टि से . घरों में रह रहकर बच्चों ने अपनी मौलितका त्याग दी या ख़तम कर दी और बड़े बुजुर्ग एक तरीके से नज़र कैद हो गए .उनका घूमना फिरना ,मिलना जुलना सीमित होने से उनको घुटन महसूस होती हैं .मानव सामाजिक प्राणी हैं जब तक समाज में नहीं रहेगा उसका जीवन आन्नद दायक और खुशियों से भरपूर नहीं होगा .

लॉक डाउन में स्कूल कॉलेज ऑफिस बंद रहने से लेपटॉप मोबाइल के जरिये पढाई लिखाई के साथ मनोरंजन कर रहे हैं जिसके लिए आधुनिक संसाधनों का उपयोग करना आवश्यक होगया हैं .जिसमे ऑनलाइन गोष्ठियां जूम मीटिंग ,के कारण एअर फ़ोन और हेड फ़ोन की उपयोगिता बढ़ने से उनके द्वारा उतपन्न अनेक बीमारियां के साथ मानसिक रोग और दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं .

आप हेडफोन और ईयरफोन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो थोड़ा ब्रेक ले लें। ज्यादा देर तक इन्हें पहनना आपके शरीर और मास्तिष्क के लिए घातक हो सकताब्रेक, वरना कानों को हो सकते हैं ये भयंकर नुकसान

आजकल ईयरफोन और हेडफोन हमारे जीवन का जरूरी हिस्सा बन गए हैं। बाहरी शोर सुनाई ना दे, इसलिए लोग हेडफोन का इस्तेमाल करते थे, लेकिन अब ज्यादातर लोग मल्टीमीडिया कंटेट देखने और कई लोग तो ट्रेवलिंग के दौरान म्यूजिक सुनने के लिए हेडफोन का यूज करते हैं। कोविड महामारी के दौरान घर से ऑनलाइन क्लासेस और ऑफिस की मीटिंग अटैंड करने वाले लोगों और बच्चों में हेडफोन्स और ईयरफोन्स का यूज काफी बढ़ गया है। देखा गया है कि बहुत से लोग ज्यादातर समय अपने ईयरफोन हेडफोन को ऑन रखते हैं, चाहे वह जूम मीटिंग के लिए हो या फिर गेम खेलने के लिए। कुछ समय के लिए तो ठीक है, लेकिन अधिक समय तक इनका यूज करने से कानों पर बुरा असर पड़ता है। हेडफोन ईयरफोन से आने वाली आवाज आपके ईयरड्रम से करीब से टकराती है। सबसे गंभीर स्थितियों में ईयरड्रम को स्थायी नुकसान हो सकता है। इसलिए अगर आपके ईयरफोन या हेडफोन ज्यादातर समय आपके ईयरलोब में प्लग करके बिताते हैं, तो यह अच्छा संकेत नहीं है।

**इयरफोन से होते हैं ये नुकसान**

कान में दर्द- जब आप हेडफोन या ईयरफोन का उपयोग कर रहे हों, या लंबे समय से म्यूजिक सुन रहे हों तभी आपके कानों के अंदर एक अजीब सी आवाज गूंजती है और कानों में दर्द होने लगता है। ऐसा अक्सर आपके तेज आवाज में म्यूजिक सुनने की आदत के कारण होता है।

**दिमाग पर बुरा असर-**

आप शायद नहीं जानते, लेकिन हेडफोन इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स पैदा करता है। इसलिए मीटिंग, म्यूजिक या फिर ऑनलाइन क्लासेस के लिए भी ज्यादा देर तक इसका इस्तेमाल करेंगे, तो दिमाग पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। ईयरफोन के साथ भी यही स्थिति बनती है। इसलिए ईयरफोन हो या हेडफोन इस्तेमाल करते समय अपनी सेहत का ख्याल जरूर रखें।

**कान में मैल जमा होना-**

क्या आपको काम करते वक्त या बात करते वक्त ईयरफोन का इस्तेमाल करने की आदत है। अगर ऐसा है, तो सावधान हो जाएं। घंटों तक ईयरफोन का उपयोग करने से कान में मैल जमा हो सकता है। इस वजह से कई बार कान में संक्रमण, सुनने की समस्या या टिटनस की शिकायत हो जाती है।

**सुनाई ना देना या बहरापन**

आप शायद नहीं जानते, लेकिन ईयरफोन और हेडफोन को बहुत ज्यादा देर तक प्लग इन रहने देने से आप खुद को नुकसान पहुंचाते हैं। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि ईयरफोन के जरिए सुनने की आदत आपको बहरा बना देती है। कंपन के कारण हेयर सेल्स अपनी संवेदनशीलता खो देते हैं, जिससे व्यक्ति को कम या फिर बिल्कुल सुनाई नहीं देता। कुछ मामलों में लोग अपने हेडफोन अन्य लोगों के साथ शेयर करते हैं। ऐसे में ईयरफोन स्पंज के जरिए बैक्टीरिया और रोगाणु एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में जाते हैं।

## अमित शाह की कश्मीर यात्रा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

गृहमंत्री अमित शाह कश्मीर के दौर पर गए, यह अपने आप में बड़ी बात है। आजकल कश्मीर से जैसी खबरें आ रही हैं, वैसे माहौल में किसी केंद्रीय नेता का वहां तीन दिन का दौरा लगना काफी साहसपूर्ण कदम है। जो जितना बड़ा नेता होता है, उसे अपनी जान का खतरा भी उतना ही बड़ा होता है। अमित शाह ने ही गृहमंत्री के तौर पर दो साल पहले धारा 370 को खत्म किया था और कश्मीर को सीधे दिल्ली के नियंत्रण में ले आए थे। उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बदले हुए कश्मीर के नक्शे में कई नए रंग भरे और शासन को जनता से सीधे जोड़ने के लिए रचनात्मक कदम उठाए लेकिन पिछले दो-तीन सप्ताहों में आतंक की ऐसी घटनाएं घट गईं, जिन्होंने कश्मीर को फिर से चर्चा का विषय बना दिया। आतंकवादियों ने ऐसे निर्दोष लोगों पर हमले किए, जिनका राजनीति या फौज से कुछ लेना-देना नहीं है। इन लोगों में ठेठ कश्मीरी भी हैं और ज्यादातर वे लोग हैं, जो देश के दूसरे हिस्सों से आकर कश्मीर में रोजगार करते हैं। ये घटनाएं बड़े पैमाने पर नहीं हुई हैं लेकिन इनका असर बहुत गंभीर हो रहा है। न केवल हिंदू पंडित, जो कश्मीर लौटने के इच्छुक थे, निराश हो रहे हैं बल्कि सैकड़ों गैर-कश्मीरी नागरिक भागकर बाहर आ रहे हैं। ऐसे डर के माहौल में अमित शाह श्रीनगर पहुंचे और उन्होंने जो सबसे पहला काम किया, वह यह कि वे परवेज अहमद दर के परिवार से मिले। वे सीधे हवाई अड्डे से उनके घर गए। परवेज अहमद सीआईडी के इंस्पेक्टर थे। वे ज्यों ही नमाज़ पढ़कर मस्जिद से निकले आतंकियों ने उनकी हत्या कर दी थी। शाह ने उनकी पत्नी फातिमा को सरकारी नौकरी का नियुक्ति-पत्र दिया। परवेज अहमद के परिवारवालों से अमित शाह की मुलाकात के जो फोटो अखबारों में छपे हैं, वे बहुत ही मर्मस्पर्शी हैं। शाह ने राजभवन में पांच घंटे की बैठक करके कश्मीर की सुरक्षा पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आतंकवाद को काबू करने के लिए कई नए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। यह ठीक है कि उन्होंने कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाने का कोई संकेत नहीं दिया लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत के चुनावों को बड़ी उपलब्धि बताया। क्या ही अच्छा होता कि वे कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाने की बात कहते और यह शर्त भी लगा देते कि वे ऐसा तभी करेंगे, जबकि वहां आतंकवाद की एक भी घटना न हो। कश्मीर की तीनों प्रमुख पार्टियों पर हमला बोलने की बजाय यदि वे उनके नेताओं से सीधी बात करते तो अभी जो कर्फ़्यू लगा है, वह भी शायद जल्दी ही हटाने की स्थिति बन जाती।

# चांद को अर्घ देकर की पूजा अर्चना, पतियों का लिया आशीर्वाद



**मुरैना।** सुहागिन महिलाओं का विशेष पर्व करवा चौथ का त्यौहार जिले भर में उत्साह एवं श्रद्धा के साथ रविवार की रात मनाया गया। सुहागिन महिला इस व्रत को निर्जल रहकर पति की दीर्घायु एवं परिवार में सुख-समृद्धि, मान-सम्मान, लक्ष्मी वृद्धि के लिए करती है। रविवार की देर शाम करवा चौथ के दिन चंद्रदेव को अर्घ देकर पूजा कथा आरती के बाद पति का चेहरा देखकर चरण स्पर्श करके सदा सुहागवति भवः का आशीर्वाद लेकर पति द्वारा पिलाये गए जल को ग्रहण करके व्रत पूर्ण मानती है। करवा चौथ को आस्था का पर्व भी कहा जाता है। इस त्यौहार को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। सुहागिन महिलाएं सुबह से ही पति की लंबी उम्र की कामना के लिए निराहार निर्जला ब्रत धारण किये हुए थी। पूरे दिन ब्रत के बाद शाम को श्रृंगार कर चंद्रमा को अर्घ देकर पूजा अर्चना के बाद पति की दीर्घायु की कामना के बाद ही अन्न जल ग्रहण करतीं हैं। करवा चौथ पर्व के चलते रविवार को पूरे दिन महिलाएं त्यौहार की तैयारियों में व्यस्त रहीं, बाजार में मिट्टी तथा शक्कर के करवों की खूब बिक्री हुई। करवाचौथ के अवसरर महिलायें घर की सुख समृद्धि और पति की लम्बी आयु के लिये भगवान शिव और पार्वती की पूजा करती हैं। इस अवसर पर शहर में महिलाओं द्वारा दिन भर मंदिरों में संगीत के कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्राचीन मान्यता के अनुसार द्रोपती ने पाण्डवों पर आये संकट को दूर करने के लिये करवा चौथ का व्रत रखा था। करवा चौथ के व्रत से जुड़ीं कई पारम्परिक कथायें भी हैं।

### रोहिणी नक्षत्र और उच्च राशि के चंद्रमा का रहा शुभ संयोग

अम्बाह थरा गांव के निवासी ब्रह्मलीन संत पंडित रामदत्त मिश्र के शिष्य पंडित अमित मिश्र ने बताया कि इस बार करवा चौथ का व्रत 24 अक्टूबर रविवार के दिन चंद्रमा का अपनी उच्च राशि में होने से व्रत के महत्व को बढा दिया है। इस बार करवाचौथ पर पूरे दिन परम शुभ रोहिणी नक्षत्र भी रहा, जिसे स्त्रियों के लिए परम सौभाग्यदायक माना गया है। इस बार करवा चौथ पर व्रत के परायण के समय रोहिणी नक्षत्र के योग में सुहागिनों ने चंद्रमा का दर्शन किया, जो सभी सुहागिनों को असंख्य गुना शुभ फल देगा।

# किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष 25 को मुरैना, जौरा, कैलारस व सबलगढ में कार्यकर्ताओं से करेंगें संवाद



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रताप धाकड 25 अक्टूबर को मुरैना जौरा, कैलारस व सबलगढ में मौजूद रहकर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार जिलाध्यक्ष प्रताप धाकड 25 अक्टूबर की सुबह 11 बजे मुरैना पहुंच कर पार्टी के बरिष्ठ नेताओं एबं पदाधिकारियों की मौजूदगी मैं रेस्टहाउस पर आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बरिष्ठों का आशीर्वाद ग्रहण कर कार्यभार संभालने तदुपरांत दोपहर 2 बजे जौरा व दोपहर 3 बजे कैलारस एबं 4 बजे सबलगढ में आयोजित बिभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत ने दी है।

## मोटरसाइकिल पर बैठने की मना करने पर मारपीट मामला दर्ज



**अम्बाह।** मोटरसाइकिल पर बैठने की मना करने पर राकेश की मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की सुचना पर से आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है। फरियादी अंकित पुत्र राकेश सखवार निवासी गुरुद्वारा मोहल्ला ने पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट लिखाई है कि कुछ देर पहले मुझे मोहल्ले का नीरज सखवार मिला और मुझसे कहने लगा कि तू मेरी गाड़ी पर बैठ कर चल मैंने उससे मना किया और कहा कि मैं कहीं और जा रहा हूं। इसी बात पर वह मुझसे गाली गलौज करने लगा मैंने जब गाली देने से मना किया तो उसने मेरी मारपीट कर दी। उसी दौरान मेरी मां गिरिजा एवं सतीश खटीक आ गए, जिन्होंने बीच-बचाव कराकर मुझे बचाया व जाते- जाते भी नीरज मुझे धमकी दे रहा था। पुलिस ने अंकित की फरियाद पर नीरज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# रोजगार मेले में शारीरिक मापदण्ड लेकर 75 युवाओं का किया चयन



**मुरैना।** विकासखंड अम्बाह में रोजगार मेले का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना के मार्गदर्शन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पहाडगढ़. के नेतृत्व में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में एसआईएएस सिक्योरिटी नीमच ने 75 युवाओं का चयन किया। इस अवसर पर विकासखण्ड प्रबंधक दिवाकर शर्मा, जनपद पंचायत के अध्यक्ष रामू सिंह तोमर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सुमन चक चौहान, सहायक प्रबन्धक दुष्यन्त शाक्य, मुकेश बुनकर, भर्ती अधिकारी शिवपाल सिंह एवं नरेन्द्र पाटीदार उपस्थित थे।

## दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



**मुरैना।** बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत गंभीर एवं अति गंभीर कुपोषित बच्चों के दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 16 और 23 अक्टूबर को किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास परियोजना मुरैना शहरी एवं मुरैना ग्रामीण अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिन्हित गंभीर एवं अति गंभीर कुपोषित 338 बच्चों को स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सक कुशवेन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा परीक्षण कर उनकी माताओं को आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में निःशुल्क दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई। शिविर में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान पोषण पुनर्वास केन्द्र मुरैना में भर्ती योग्य पाए गए 7 बच्चों को भर्ती किया गया।

# माकपा ने ही संघर्ष को नई दिशा दी है: यादव



### माकपा मुरैना का सम्मेलन 14 नवंबर को, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**मुरैना।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सम्मेलनों का दौर जारी है। माकपा का अखिल भारतीय सम्मेलन (23 वीं पार्टी कांग्रेस) अप्रेल 2022 को कन्नूर में होने जा रही है। इससे पूर्व ब्रांच से लेकर प्रदेश तक सभी सम्मेलन आयोजित होना है। इसी कड़ी में मुरेना का स्थानीय सम्मेलन 14 नवंबर को रखा गया है। सम्मेलन की तैयारी के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की मीटिंग पीपल वाली माता पर स्थित धर्मशाला में आयोजित की गई। इस मीटिंग में पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अखिलेश यादव शामिल हुए। श्री यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की मोदी सरकार कॉरपोरेट व हिन्दुत्व के गठबंधन की सरकार है। यह सभी सार्वजनिक उपक्रमों को बेच रही है। कॉरपोरेट परस्त नीतियां लागू कर रही है। ऐसे में देश को बचाने के लिए आम जनता को आगे आना होगा। माकपा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगे आकर जनता के बीच अभियान चलाने और जनता को लामबंद करने की अपील की। बैठक में माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने कहा कि देश में किसान आंदोलन ही है, जो सरकार के अश्वमेघ के घोड़े को रुके हुए हैं, इसे मजबूत करने की जरूरत है।

### बच्चों को बताए गए पॉलीथिन के दुष्प्रभाव

मुरैना। अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत गत दिवस शासकीय कन्या महाविद्यालय मुरैना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्राम देवरी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूली छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। यहां पर वक्ताओं ने बच्चों को पॉलीथिन और प्लास्टिक के उपयोग को ना करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में इकाई के लोगों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ कमलेश श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुक्ता अग्रवाल, डॉ मुकेश कुमार शर्मा, डॉ विजय सिंह राठौर एवं गांव के गणमान्य व्यक्ति तथा विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

# जरूरतमंद महिलाओं को सुहाग सामग्री सहित भेंट कीं साड़ियां

### करवाचौथ पर आचार्य टीम की पहल

**अम्बाह।** अखंड सौभाग्यवती महिलाओं के पर्व करवाचौथ के अवसर पर आचार्य आनंद टीम द्वारा दर्जनभर जरूरतमंद महिलाओं को संपूर्ण सुहाग सामग्री सहित साड़ियां भेंट की। आचार्य आनंद टीम की ओर से दंपत्ति डॉ प्रगति शर्मा व डॉ सुधीर आचार्य, दुष्यंत सिंह तोमर, नंदनी तोमर, अरविंद मावई, विश्वनाथ गुर्जर बालकृष्ण शर्मा रोटरी क्लब अध्यक्ष अंकित मिश्रा, महेंद्र सखवार, पुष्पा देवी शर्मा और विमला शर्मा द्वारा उपस्थित महिलाओं को सोलह श्रृंगार की सामग्री एवं साड़ियां भेंट कर उनके सफल सुखद दांपत्य जीवन की कामना की गई।



कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ प्रगति शर्मा और नंदिनी तोमर ने बताया कि सुहाग के इस पर्व पर सभी की महिलाओं की हार्दिक इच्छा होती है कि वह सोलह श्रंगार कर त्यौहार को आनंदमय तरीके से मनाएं, लेकिन आर्थिक मजबूरियों के कारण कुछ महिलाएं इसे उल्लास पूर्वक नहीं मना पाती, इस दृष्टि से आचार्य आनन्द टीम की यह पहल सराहनीय है।

फोटो फाइल- 24 मुरैना

### लघु वेतन कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित

**मुरैना।** पोरसा ब्लॉक के अध्यक्ष मदनलाल माहोर ने जिला अध्यक्ष कप्तान सिंह प्रजापति के निर्देश पर कार्यकारिणी का गठन किया है, जिसमें उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश जाटव, राधे श्याम जाटव, श्रीमती कमलेश जाटव, सचिव रमेश चंद, सह सचिव रमेश चंद माहौर, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह तोमर, संगठन मंत्री गिर्राज जाटव, प्रचार मंत्री सोमेश, सदस्य बदन सिंह भदोरिया, राकेश जाटव, श्री कृष्ण, तोताराम एवं मीडिया प्रभारी जितेंद्र आदि को बनाया है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस 31 को दिलाई, जाएगी एकता की शपथ

**मुरैना।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा और निर्वाचन वाले जिलों को छोड़कर सभी जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस, वर्दीधारी बलों और अन्य एजेंसियों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग डीके नागेंद्र ने बताया कि भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम और सभी जिलों के कार्यक्रम में साइकिल और मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट पर किया जाएगा।

# ग्राम प्रस्फुटन समिति ने मनाया विश्व पोलियो दिवस




**कैलारस।** पोलियो के बारे में जागरूकता बढाने के लिये प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को विश्व पोलियो दिवस मनाया जाता है। पोलियो को कभी एक अत्यंत सामान्य संक्रामक बीमारी के रूप में जाना जाता था, जिसने दुनियाभर में लाखों बच्चों को बाधित किया था। वर्ष 2014 में हमारे देश को पोलियोमुक्त देश का दर्जा डब्ल्यु.एच.ओ. द्वारा दिया गया। हमारे देश में वर्ष 1996 से पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है, तब से लेकर आज तक यह कार्यक्रम निरन्तर चलाया जा रहा है। देश के दूर-दराज पहुंचविहीन क्षेत्रों में भी दो बूंद जिन्दगी की पिलाने में कोई कसर नहीं छोडी जा रही है। 203 राष्ट्रों को पोलियोमुक्त कराने का एकमात्र शस्त्र दो बूंद पोलियो ड्राप है। इस अवसर पर कैलारस में ग्राम प्रस्फुटन समितियो के सदस्यों ने विश्व पोलियो दिवस पर विचार गोष्ठी कर पोलियो दिवस मनाया। इस अवसर पर समाजसेवी मनीष व्यास, संतोष शर्मा, रविकुमार गौड़, विनीश व्यास, अमन बंसल, रघुनाथ प्रजापति, हरी सिंह सोलंकी आदि सदस्य शामिल रहे।

# मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**अम्बाह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सुबोध कुमार जैन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सचिव/जिला न्यायाधीश शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन में 02 अक्टूबर से दिनांक 14 नवम्बर तक आयोजित होने वाले मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार रविवार को ग्राम पंचायत नगरा के ग्राम धोर्रा स्थित मंदिर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह नितिनेन्द्र सिंह द्वारा विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह व्ही. पी. एस. चौहान, पेनल अधिवक्ता शक्ति सिंह तोमर, पैरालीगल वोलेटियर रूपनारायण शर्मा, उक्त ग्राम कुरैठा के सरपंच/सचिव एवं ग्रामीणवासी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह व्ही. पी. एस. चौहान द्वारा वहां उपस्थित समस्त को मध्यस्थता संबंधी जानकारी एवं मानवाधिकार संबंधी जानकारी प्रदाय की गयी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह नितिनेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित समस्त लोंगों को न्यूनतम मजदूरी एक्ट, नालसा द्वारा संचालित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं आदि के संबंध में जानकारी प्रदाय की गयी।



## वन-टू-वन



### मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने समाज के हर तबके की उन्नति एबम सम्रद्धि की बात रखी।

**संतोष सिंह भदौरिया**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** भाजपा मंडल गोरमी के कार्यकर्ताओ ने आज थाना रोड स्थित मंडल अध्यक्ष के आवास पर पीएम नरेंद मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अबसर पर मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा की पीएम नरेंद मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में समाज के हर बर्ग जो अलग अलग फील्ड में देश का नाम रोशन कर रहे है उनको पीएम ने बधाई दी एबम पीएम मोदी ने कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरा होने पर समस्त देशवासियों को बधाई दी आदिवासियों के विकाश पर भी चर्चा की।।मन की बात कार्यकर्म में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री निर्मल आर्य मंडल उपाध्यक्ष धुर्व शर्मा जयवीर पुरोहित दिनेश यादव मोनू शर्मा दिनेश श्रीवास अरविंद जैन राहुल कटारे आदि मौजूद थे।

### करवा चौथ का व्रत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी



**हरिओम परिहार**
**पुष्पांजली टुडे**

**खनियाधाना ।** तैयारियों के साथ आज फिर सुहागिन महिलाओं ने आज करवा चौथ का व्रत रखा है. सूर्योदय से पहले इस व्रत की शुरुआत हो चुकी है. सुबह सरगी का सेवन करने के बाद अब व्रती महिलाएं शाम को चंद्रमा देखने के बाद व्रत का पारण करेंगी. पूरे दिन इस व्रत के दौरान न तो कुछ खा सकते हैं और ना ही पी सकते हैं. ऐसे में यदि भूलवश इस व्रत के नियम टूट जाएं या फिर गलती से कुछ खा पी लेते हैं तो घबराने की जरूरत नहीं हैं कि जाने-अनजाने यदि व्रत खंडित हो जाए तो क्या करना चाहिए.

**करवा चौथ व्रत के नियम**

व्रत के दिन निर्जला रहे यानि जलपान नहीं करना चाहिए. सुबह स्नानादि करने के पश्चात यह संकल्प बोलकर करवा चौथ व्रत का आरंभ करें. सुबह पूजा के समय 'मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये.' मन्त्र के जप से व्रत प्रारंभ किया जाता है. शाम के समय मां पार्वती की प्रतिमा की गोद में श्रीगणेश को विराजमान कर उन्हें लक?ी के आसान पर बिठाएं. मां पार्वती का सुहाग सामग्री आदि से श्रृंगार करें. भगवान शिव और मां पार्वती की आराधना करें और कोरे करवे में पानी भरकर पूजा करें. व्रत की कथा सुनें और फिर चंद्रमा के दर्शन करने के बाद ही पति द्वारा अन्न एवं जल ग्रहण करें.

### भिंड,मेहगांव एमपी एनएसयूआई के द्वारा आयोजित संपूर्ण मध्यप्रदेश में मंडला कांड को लेकर एनएसयूआई द्वारा विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया

मध्यप्रदेश मे हमारे भाई अभिषेक ज्योतिषी मंडला की बजरंग दल के पूर्व नगर प्रमुख के द्वारा हमारे भाई की जो हत्या की गई उसके विरोध में एनएसयूआई मेहगांव विधान सभा अध्यक्ष अंकित तोमर के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया किया गया और साथ में मेहगांव के भिंड तिराहा से लेकर पानी टंकी गांधी प्रतिमा तक भाई की याद में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमे मुख्य रूप वरिष्ठ कांग्रेस नेता जबर सिंह कुशवाह नाथूराम नागर डॉक्टर बर्जेश मौर्य युवा नेता मनीष शिवहरे विकाश चौधरी रोहित शुक्ला अभिषेक भदोरिया एनएसयूआई नगर ड्डस्रद्ध4ड्डद्मह्यद्ध नवल सिंह कौशलेंद्र सिंह वरिष्ठ कांग्रेस जन मौजूद रहे इस अवसर पर अंकित तोमर ने कहा जिस प्रकार मध्यप्रदेश में जबसे शिवराज सरकार आई है तब से हमारे मध्य प्रदेश में जंगलराज जैसा माहौल बन गया है आए दिन निर्दोष लोगो की निर्मम हत्या की जाती है सरकार का कोई ध्यान नहीं है इसकी राज्यपाल से मांग करते हैं हमारे भाई को न्याय दिया जाए बजरंग दल के नगर प्रमुख के द्वारा जो हत्या की गई है उसको जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उस को गिरफ्तार नहीं किया गया हमारे भाई को न्याय नहीं दिया गया तो एनएसयूआई मेहगांव आए दिन सड़कों पर आंदोलन करेगी जिसका जिमेदार प्रशासन होगा ।अगले क्रम में जिला कांग्रेस के सचिव मनीष शिवहरे ने कहा हमारे मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार में आए दिन लोगों के साथ अन्याय अत्याचार बढ़ रहे हैं लेकिन सरकार का कोई ध्यान नहीं है सरकार के आला अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं भाई विकास चौधरी ने कहा प्रदेश में प्रशासन की व्यवस्था चौपट है।

# विक्रम विश्विद्यालय का आधारशिला दिवस सोल्लास मनाया गया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**

***सार्थक प्रयत्नों से दुनिया के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों में सम्मिलित हो विक्रम विश्वविद्यालय***



**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का आधारशिला दिवस कार्तिक कृष्ण चतुर्थी, रविवार, विक्रम संवत् 2078 तदनुसार दिनांक 24 अक्टूबर 2021 को प्रातः 11 बजे सोल्लास मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में सम्राट विक्रमादित्य के मूर्ति शिल्प पर स्वस्ति वाचन के साथ जलाभिषेक एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात कार्यपरिषद कक्ष में सम्राट विक्रमादित्य और उनके नवरत्नों एवं शलाका दीर्घा सभागार में विश्वविद्यालय के शलाका पुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

शलाका दीर्घा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार पांडेय ने की। आयोजन के मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी थे।आयोजन में कार्यपरिषद सदस्य संजय नाहर, एडवोकेट सुश्री ममता बैंडवाल, कुलसचिव डॉ प्रशांत पुराणिक, कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि श्रीराम तिवारी ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जुड़े होने का गौरव विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को होना चाहिए। यह विश्वविद्यालय दुनिया के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों में सम्मिलित हो, इसके लिए सभी के सार्थक प्रयास जरूरी हैं। विक्रम विश्वविद्यालय के सहयोग से मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के अंतर्गत कार्यरत सम्राट विक्रमादित्य शोध पीठ द्वारा प्राचीन उज्जैन का पुरातात्विक उत्खनन करवाया जाएगा। अनेक दशकों पहले हिंदी, मराठी और अंग्रेजी में प्रकाशित तीनों विक्रम स्मृति ग्रंथों का पुनर्प्रकाशन मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से किया जाएगा।

कुलपति प्रो अखिलेश कुमार पांडेय ने कहा कि युवाओं को इस देश और विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास जानना चाहिए। आधारशिला दिवस हमें इस विश्वविद्यालय की स्थापना में योगदान देने वाले शलाका पुरुषों का स्मरण कराता है। कृषि, फॉरेंसिक साइंस, फूड टेक्नोलॉजी, क्रीडा, मैनेजमेंट, विधि आदि से जुड़े अनेक नवीन पाठ्यक्रम विक्रम विश्वविद्यालय में इसी वर्ष से प्रारंभ किए गए हैं। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े युवाओं द्वारा कोविड-19 के दौर में अविस्मरणीय सेवा कार्य किए गए। वर्तमान दौर में माननीय प्रधानमंत्री जी की संकल्पना के अनुरूप स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य चेतना एवं कोविड-19 की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन जागरूकता की दिशा में रासेयो के युवा कार्य करें।

कार्यपरिषद सदस्य संजय नाहर एवं सुश्री ममता बैंडवाल ने उपस्थित जनों को बधाई देते हुए कहा कि हम विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हों।

कुलसचिव डॉ प्रशांत पुराणिक ने कहा कि देश के प्राचीनतम विश्वविद्यालय के रूप में उज्जयिनी का विश्वविद्यालय रहा है। आधारशिला दिवस से प्रारंभ हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के अभिमुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वच्छता जागरूकता के साथ व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा ने विक्रम विश्वविद्यालय की स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनेक सहस्राब्दियों से उज्जैन शिक्षा प्राप्त करने के लिए उत्कंठित विद्यार्थियों को आकर्षित करता आ रहा है। आजादी के आंदोलन के समानांतर उज्जैन में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये वातावरण बनने लगा था।

# स्वर्गीय श्री परमाल सिंह चौहान व स्वर्गीय श्री गंधर्व सिंह चौहान (दादा भाई) की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन।




**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।गिर्द विकास युवा मण्डल सिमरिया टांका द्वारा दृष्टि हॉस्पिटल ग्वालियर व स्वास्थ्य विभाग बरई के सहयोग से दिनांक 23.10.2021 को स्वर्गीय श्री परमाल सिंह चौहान व स्वर्गीय श्री गंधर्व सिंह चौहान (दादाभाई) की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कार्यालय गिर्द विकास युवा मण्डल ग्राम सिमरिया टांका में किया गया, उक्त शिविर में 155 ग्रामवासियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण व लगभग 50 से अधिक ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों व ड्रॉप का वितरण किया गया, कार्यक्रम में वेक्सिनेशन महा अभियान के तहत वेक्सीन की प्रथम व दूसरी डोज भी लगाई गई, कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय श्री परमाल सिंह चौहान व स्वर्गीय श्री गंधर्व सिंह चौहान जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्री शिंभू सिंह जी, श्री वैजनाथ रावत जी व श्री पदम सिंह चौहान समाजसेवी द्वारा किया गया, इस अवसर पर मण्डल के संचालक गजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि मण्डल द्वारा इस प्रकार के आयोजन समय समय पर आयोजित किये जाते रहे हैं जिनके माध्यम से ग्रामवासियों की स्वास्थ्य व नेत्र संबंधी समस्याओं का निदान हो सके, शिविर में मरीजों का बीपी, शुगर, हृदय रोग, नेत्र संबंधी बीमारियों का निःशुल्क इलाज मौके पर ही किया गया, शिविर में जिन मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया उन्हें मण्डल की ओर से निःशुल्क चश्मे भी बनवाकर आगामी कार्यक्रम में वितरित किये जायेंगे, उक्त कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञ श्री उदय कौरव, मुकेश कौरव, अनिल परमार, मेडिकल ऑफिसर ष्द्धष् सिमरिया टांका डॉ श्री मनीष नामदेव, ड्डठ्ठद्ध श्रीमती नीलम वर्मा, आशा सुपरवाइजर श्रीमती नीलम सोनी, श्रीमती किरण जाटव,ॅभीमसेन राठौर, शेलेन्द्र चौहान, मनीष नामदेव, छोटू जाटव, अमर राठौर आदि उपस्थित रहे।

# गलत निकली उज्जवला योजना के सिलेंडर कबाड़े में बिकने की खबर,जांच में रिलायंस के पाए गए सिलेंडर



**खबर चलने से अधिकारियों में मच गया था हड़कम्प**

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

बीते दिनों एक कबाड़ी की दुकान पर एक साथ कई सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया। जहां एक निजी चैनल ने इसे उज्जवला योजना के सिलेंडर बताते हुए यह खबर चलाई कि लोगों के पास गैस भरवाने के पैसे ना होने से उज्जवला योजना के सिलेंडर उन्होंने कबाड़े में बेच दिए हैं। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भी वीडियो को शेयर कर भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लिया। खबर चलने और पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो ट्वीट किए जाने से प्रशासन में भी हड़कंप मच गया और कलेक्टर द्वारा आनन-फानन में इसकी जांच दबोह तहसीलदार, सहायक आपूर्ति अधिकारी भिण्ड एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लहार को सौंपी गई। जांच टीम द्वारा वीडियो के सोर्स का पता लगाया गया तो मालूम पड़ा कि वीडियो में दिखाई गई कबाड़ी की दुकान दबोह के चौक मोहल्ला निवासी रामसेवक खटीक की है। उससे जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह सिलेंडर उसे रवि गुप्ता द्वारा बेचे गए थे।




### पल्स पोलियो की खुराक पिलाने हेतु महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने दिया संदेश

**पुष्पाजंली टुडे**

**रविवार मैसूरु-**. रोटरी क्लब मैसूरु 7,8,की ओर से पल्स पोलियो जागरूकता अभियान के तहत महल परिसर स्थित आंजनेय स्वामी मंदिर के आगे से मैसूरु महानगर पालिका की महापौर सुनंदा पालनेत्र उपस्थिति में साइकिल रैली निकाली गई द्य बनूर रोटरी संस्था के पूर्व अध्यक्ष एम.पी.एच.ए?.डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोत ने बताया कि आगामी माह में नन्हे मुन्ने शिशुओं को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने हेतु यह जागरूकता रैली निकाली गई द्य रैली अशोका मार्ग, इरविन मार्ग, के.टी.स्ट्रीट होते हुए गांधी चौक पहुंची द्य इस अवसर पर मैसूरु जिला रोटरी क्लब गवर्नर रविंद्र भट्ट, डीजीएन एच.आर. केशव सहायक गवर्नर रवि शंकर, व स्वामी सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे।

# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत मध्य प्रदेश जिला ग्वालियर में हुआ क्विक एक्शन टीम का गठन।

**संतोष सिंह भदौरिया**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर /**अवगत कराना है कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंह भदौरिया जी के निर्देश पर ,श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी ने महिलाओं और बुजुर्गों के साथ हो रहे अत्याचार और बढ़ते हुए अपराधों को देखते हुए ग्वालियर जिले के अंदर रिटायर्ड फौजियों के जत्थे को क्विक एक्शन टीम में तब्दील कर दिया है जिसका उद्देश्य संकट में फंसी बहू बेटियां और बुजुर्ग एवं फर्जी तरीके से क्षत्रिय समाज के युवाओं पर लगे एससी एसटी एक्ट जैसी कार्यवाहीओं में कोई भी समाज का व्यक्ति या बहू बेटी या बुजुर्ग जिले के अंदर टीम के कमांडरों से सहायता मांगेगा तो 24 घंटे के अंदर उनकी समस्या का निवारण कराने के लिए यह टीम कार्य करेगी।

इस टीम में मुख्य रूप से सेना से सेवानिवृत्त एवं लाइसेंस धारी हथियारबंद कार्यकर्ता होंगे ।




टीम को संचालन करने के लिए श्री नरेश सिंह भदौरिया सेंट्रल अकैडमी स्कूल के पीछे श्री राम राज सिंह भदोरिया चंबल कॉलोनी गोले का मंदिर श्री राजेश सिंह जादौन मोती झील

श्री रामवीर सिंह परिहार श्री सोनू सिंह तोमर श्री विपिन सिंह भदोरिया श्री वीरु सिंह राजावत श्री राजेश सिंह जादौन श्री अवधेश सिंह भदोरिया श्री अरुण सिंह श्री संजय सिंह तोमर, श्री राघवेंद्र सिंह भदोरिया, श्री कृष्णा जादौन,श्री मुकेश सिंह भदौरिया एवं अन्य रिटायर्ड फौजियों को इस टीम का हिस्सा बनाया गया है।ग्वालियर जिले के अंदर निसंकोच कोई भी श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के जिला कार्यालय सोफा गैलरी पढ़ाओ एवं प्रदेश कार्यालय कमला रेजिडेंसी तानसेन नगर ग्वालियर में पहुंच कर श्री योगेंद्र सिंह कुशवाह जी एवं श्री हरि सिंह सिकरवार जी को

**अपनी समस्या बताएं और समाधान पाएं।**

नोट क्योंकि क्षत्रिय समाज सदा से ही सर्व समाज का हित करते हुए आया है अतः अन्य समाज जिनके साथ अन्याय हुआ है या हो रहा है वह भी हमसे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी धर्मेंद्र राजावत द्वारा दी गयी।

# स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु स्वदेशी जागरण मंच मुरैना विभाग बैठक संपन्न

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**

स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु जन जागरण एवं अमेजॉन वॉलमार्ट के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच मुरैना विभाग की बैठक संपन्न



संपूर्ण देश में त्योहारों का वातावरण है ऐसे में अमेजॉन फ्लिपकार्ट वॉलमार्ट जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां और चीन प्रायोजित कंपनियां भारतीय अर्थव्यवस्था को नष्ट करने और अपना माल खपाने के उद्देश्य से संपूर्ण भारत को बाजार बनाने मैं लगी हुई हैं ऐसे में भारतीय बाजार व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं व्यापारियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने तथा समाज की व्यवस्था को श्रेष्ठ बनाए रखने एवं तंत्र को स्वदेशी स्वावलंबन से परिपूर्ण बनाए रखने रोजगार व्यवस्था प्रदान करने और चीन प्रायोजित कंपनियों के मजबूत चक्र को तोड़ने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में संपूर्ण देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वदेशी जागरण मंच मुरैना विभाग द्वारा संपूर्ण मुरैना विभाग के भिंड एवं मुरैना जिले में जन जागरण यात्रा का आयोजन किया जाएगा यह यात्राएं भिंड एवं मुरैना के अंतिम छोर विजयपुर से लेकर वीरपुर सबलगढ़ पहाड़गढ़ कैलारस जोरा दिमनी मुरैना अंबाह पोरसा नूराबाद बामोर होते हुए 1 नवंबर को जिला केंद्र मुरैना पर यात्रा होगी दूसरी यात्रा भिंड के दमोह आलमपुर लहार मिहोना रोन उमरी फूफ अटेर गोरमी मेहगांव गोहद मालनपुर मो होते हुए दिनांक 1 नवंबर को भिंड नगर केंद्र पर संपन्न होगी दोनों यात्राओं का प्रारंभ एवं समापन एक ही दिनांक एवं समय पर दोना जिला केंद्रों पर अलग अलग होगा जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत विभाग जिला एवं तहसील केंद्र के कार्यकर्ता रहेंगे मुरैना जिले की यात्रा के प्रमुख के रूप में संजीव पचौरी और सह प्रमुख योगेश जी आचार्य रहेंगे और भिंड की यात्रा के प्रमुख के रूप में जिला संयोजक भिंड संतोष जी राजोरिया और सहप्रमुख राजेश पचौरी एवं मनोज थापक रहेंगे। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री केसर दुबौलिया मुरैना विभाग संयोजक बृज मोहन शर्मा प्रांत प्रचार प्रमुख संजीव गोयल प्रांत बौद्धिक प्रमुख राकेश शर्मा भिंड जिले के संयोजक संतोष राजोरिया सह संयोजक मनोज थापक मुरैना से यात्रा प्रमुख संजीव पचोरी दीपक दुबौलिया प्रदीप भारद्वाज योगेश आचार्य एवं स्वदेशी जागरण मंच के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे

# उपमंडी मामले में भाजपा कॉग्रेस में जमकर चल रही खींचतान

**कॉग्रेस नेता भाजपा नेता को दो टूक बोले मैं जबाब न दे पाया तो राजनीति छो? दूंगा**

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

शुक्रवार को नगर कांग्रेस की तरफ से दबोह नगर के स्थानीय एक पत्रकार बार्ता आहूत की गई।जिसे कॉग्रेस प्रदेश महामंत्री शिव नरायण दुबे बल्लू बकील ने सम्बोधित किया।वैसे यह पत्रकार बार्ता भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बुलाई गई थी पर इस प्रेस कांफेंस में भी उपमंडी भूमि अधिग्रहण मामला छाया रहा।उपमंडी को लेकर अब कॉग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच आरोप,प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है।दो दिन पहले भाजपा कार्यकर्त्ताओ की बैठक के पश्चात नेताओ ने भी एक प्रेस कांफ्रेंस की थी।जिसमे उन्होंने काग्रेस के नेताओ कार्यकर्त्ताओ को बिदूषक और भा? जैसे शब्दों से नबाजा था तो वही शुक्रवार को पत्रकार बार्ता में कॉग्रेस के प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे( बल्लू बकील )ने भी भाजपा नेता को बाबा का दलाल,भृष्टाचारी,छुटभैया नेताओ जैसे शब्दों से नबाज दिया।दबोह उपमंडी भूमि अधिग्रहण में अब कॉग्रेस और भाजपा आमने सामने आ गये है।प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए दुबे ने कहा कि जो भाजपा के नेता कॉग्रेस बिधायक के बारे में भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।उन्हें बता देना चाहता हूँ कि कॉग्रेस बिधायक अजेय बिधायक है और वह बिकास की दम पर चुनाव जीतते हैं।उन्होंने कहा कि उपमंडी के लिए भूमि कोर्ट ने आवंटन की और उस जमीन पर ख? पे?ो के लिए सरकार ने 7 लाख 63 हजार रुपये भी आवंटन कर दिया है।उन्होंने आगे बताया कि जो आज भाजपा के नेता बाबा के दलाल बन कर बात कर रहे है उन्होंने ही पतारे में मंडी बनने के लिए मना किया था।उन्होंने इसके दस्ताबेज भी पत्रकारों के सामने रखे।जब उनसे पूछा गया कि मंडी का कोई अधिकारी मीडिया के सामने अपना पक्ष रखने क्यो नही आ रहा है।तो उनका कहना था कि मैं मंडी बोर्ड की तरफ से प्रतिनिधि हूँ।साथ ही उन्होंने बताया कि इस महीने ही इसका फैसला हो जायेगा एवं जल्द ही मंडी निर्माण का कार्य प्रगति पर होगा।इस दौरान प्रेस वार्ता में शिवनारायण दुबे,राजेन्द्र खेमरिया,हाकिम चौधरी,रामकुमार गुर्जर,रूपनारायण खटीक मौजूद रहे।

## क्या है दबोह उपमंडी मामला

नगर में नवीन गल्लामंडी परिसर के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए एक लंबे अरसे से मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड एवं भूमि स्वामी के बीच खींच तानी चली आ रही है जबकि भूमि स्वामी के अनुसार भूमिस्वामी मंडी परिसर के लिए भूमि देने के लिए पहले भी तैयार था और आज भी तैयार है लेकिन कुछ राजननैतिक स्वार्थ के चलते भूमि स्वामी और मंडी बोर्ड के बीच 1974 में यह प्रकरण न्यायालय में पहुँच गया था लेकिन तब से आज तक मंडी बोर्ड एवं भूमि स्वामी के बीच न्यायिक ल?ाई जारी है।यहा बता दे कि दबोह में पतारा बाग के नाम से प्रसिद्ध स्थल है जहाँ राजनीतिक षड्यंत्रो के चलते पतारा बाग की भूमि को सरकारी जमीन बता कर मंडी बोर्ड दबोह उपमंडी के लिए अधिग्रहण करना चाहती है जबकि न्यायालय के द्वारा भूमि स्वामी महंत सरमन दास के दत्तक पुत्र अमरदेव को पूरी भूमि का स्वामी बना चुकी है।08 अक्टूबर 2021 को भूमि स्वामी के पुत्र गोपाल कृष्ण ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया था कि मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक ने अपने विभागीय अधिकारियों एवं स्थानीय जिलाधीश को उक्त भूमि में फलदार वृक्ष ख? होने के कारण मंडी नही बनाने एवं मंडी के लिए दूसरी शासकीय अथवा निजी भूमि देख कर उसका प्रस्ताव भेजने के लिए आदेशित किया गया था।इस पर आज भी मंडी निर्माण के लिए भूमि स्वामी अपनी निजी खाते में से भूमि देने के लिए तैयार है।जिसके एवज में क्षेत्रीय भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने पूरे प्रकरण को माननीय केंद्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिला और उनको इस प्रकरण की पूरी जानकारी देकर अपनी निजी भूमि मंडी निर्माण के लिए देने की बात रखी।जिस पर माननीय सिंधिया जी ने कृषि मंत्री कमल पटेल से दूरभाष पर चर्चा कर एवं लिखित पत्रचार्य कर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए अवगत कराया एक समय था कि इस पतारे बाग में देश के माने हुए फूल खिलते थे।वही इसमें देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जब केंद्र में शिक्षा मंत्री हुआ करती थी तब यहाँ आ चुकी है लेकिन अब स्वार्थी लोगो के चलते इस पतारे बाग को निस्तनाबूत करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

**पूर्व मंत्री व लहार विधायक की अगुवाई में कॉग्रेस ने बुलाई थी सर्वदलीय बैठक**

09 अक्टूबर 2021 को कॉग्रेस के द्वारा एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी।जिसमें क्षेत्रीय विधायक डॉ गोविंद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।लेकिन भाजपा एवं बसपा का कोई भी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता इस सर्वदलीय बैठक में नही पहुँचने की बजह से स्वयं डॉ.गोविंद सिंह एवं कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस सर्वदलीय बैठक का मोर्चा सम्भालते हुए बैठक सम्पन्न की।सर्वदलीय बैठक में उपस्थित मंडी व्यापारी एवं कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा एवं बसपा नेताओ पर सीधा निशाना साधते हुए डॉ.गोविंद सिंह ने कहा कि था आज मैने मंडी समिति के द्वारा व्यापारियो,किसानों एवं दबोह विकास को देखते हुए एक सर्वदलीय बैठक बुलबाई थी जिसमे अन्य किसी पार्टी के नेता सम्मलित नही हुए इस बात से इन लोगो को शर्म आनी चाहिए कि यह बैठक मैने अपने निजी स्वार्थ के लिए नही बल्कि क्षेत्रीय विकास को देखते हुए बुलाई है आपके हमारे क्षेत्र की शासकीय भूमि को एक बाहर से आये हुए व्यक्ति ने कब्जा कर अरबो की संम्पत्ति को ह?प लिया है जिससे हमारे क्षेत्र का विकास कई बर्षो से रुका हुआ है और वह व्यक्ति यहाँ प्लाट बैच-बैच कर अपने गांव में संम्पत्ति जो?ने में लगा हुआ है इसी प्रकार एक दिन ऐसा भी आएगा कि वह यहाँ से सारी जमीन बैच कर भाग जायेगा यह लुटेरा है बाबा नही है परंतु मेरे होते हुए कोई इस क्षेत्र को लूट कर ले जाये ऐसा मै कभी नही होने दूंगा मैं आप लोगो के साथ हूँ आप और हम मिलकर इस जमीन को आजाद कराएंगे एवं इस बाबा को यहा से चलता करेंगे।इस बीच काग्रेस बिधायक की डॉ सिंह की जबान भी फिसल गई और उन्होंने कुछ आपत्ति जनक शब्दो का भी खुलकर प्रयोग कर डाला तो वहीं काग्रेस से भाजपा में आये एक स्थानीय नेता के बारे में बोलते हुए कहा कि इस का नाम भी लेना पाप होगा।

## वन-टू-वन

### महेन्द्रसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में पल्स पोलियो जागरूकता बाइक रेली निकाली



**पुष्पाजंली टुडे**

**मंड्या–** रोटरी क्लब बन्नूर की और से रविवार को पल्स पोलियो जागरूकता बाइक रैली निकाली। क्लब अध्यक्ष वासुदेव ने रोटरी स्कूल मैदान में बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली तेरण मौहल्ला, वलीकेरे मौहला ब्राहमण मौहला, एस आरपी रोड़, बन्नूर मलवल्ली रोड़ सरकारी बस स्टैंड पर होते हुए वापच रोटरी स्कूल मैदान में पहुंची। क्लब के पूर्व अध्यक्ष व पल्स पोलियो चेयरमैन महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि दिसंबर माह में क्लब की और से एक से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए शिविर रखा जाएगा। लोगों को पोलियो के प्रति जागरूक करने के लिए बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली में क्लब कार्यदरशी राजेंद्रा, डॉ शैलजा, डॉ राजीव, क्लब सदस्य प्रसन्ना, के कालाप्पा, नवीन, जयरामे गौडा, बाबु गौडा, नजुंड स्वामी, मुरली गोपाल ने भाग लिया ।

### दो पहिया वाहनो की भिंडत मे घायल वृद्व की 11 दिन बाद मौत

**भोपाल।** राजधानी के एमपी नगर थाना इलाके मे स्थित ज्योति टाकीज चौराहा पर बाइक और स्कूटर की भिड़ंत में घायल बुजुर्ग की चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में 11 दिन बाद मौत हो गई। बताया गया है कि बीती 12 अक्टूबर को उन्हें बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। हादसे मे उनके सिर में अदरूनी चोट होने के कारण उनकी हालत लगातार नाजूक होती गई ओर आखिरकार उनकी जान चली गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पेशे से व्यवसायी 67 वर्षीय रामरिछपाल गुप्ता जूनयिर एमआईजी अवधपुरी में रहते थे।

# करीबी दोस्त ने तालाब मे धक्का देकर उतारा था मौत के घाट

**भोपाल।** राजधानी की कमला नगर पुलिस ने बीती 8 सितंबर को प्रेमपुरा घाट स्थित तालाब से युवक की लाश मिलने के मामले में जॉच के बाद मृतक के दोस्त के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस जॉच मे सामने आया कि मृतक युवक को उसके करीबी दोस्त ने ही तालाब में धक्का देकर मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने मृतक के करीबी आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की तैयारी है। थाना पुलिस के अनुसार भीम नगर बस्ती, अरेरा हिल्स में रहने वाला संदीप पाटिल (30) इलेक्ट्रीशियन था। रचना नगर में उसके भाई सुजीत की दुकान है, जहॉ पर अयोध्या नगर इलाके का रहने वाले डेविड यादव का आना-जाना था। इसी दौरान संदीप से डेविड की दोस्ती हो गई। संदीप को शराब व अन्य प्रकार के सूखे नशे की लत थी। वही उसके दोस्त डेविड यादव भी नशे का आदि है। बताया गया है कि साथ नशा करने के आदि दोनो दोस्त अधिकतर साथ ही रहते थे। बीती 7 जुलाई को संदीप पत्नी अंजू पाटिल से मिलाने के लिए दोस्त डेविड को ले गया था। इसके बाद दोनों ने शराब खरीदी। दोपहर करीब साढ़े 4 बजे प्रेमपुरा घाट पहुंच गए। दोनों यहां शराब भी पी। इस दौरान संदीप को अधिक नशा हो गया। इसी दौरान किसी बात पर हुए विवाद के बाद वो डेविड से गाली-गालौज करने लगा। गुस्साये डेविड ने उसे धक्का देकर तालाब में गिरा दिया ओर उसे डूबता देख उसकी एक्टिवा, पर्स लेकर भाग गया। 8 जुलाई को पुलिस ने सदींप का शव बरामद किया, 9 जुलाई को उसकी पहचान संदीप पाटिल के रूप में हुई। पीएम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत होने के साथ ही मौत से पूर्व मृतक के साथ झूमाझटकी किये जाने की बात सामने आई। मामला सदिंग्ध लगने पर पुलिस ने आगे की पडताल शुरु की। जॉच मे मृतक संदीप की पत्नी ने पुलिस को दिए अपने ब्यानो में बताया कि अंतिम बार उसने पति को डेविड के साथ देखा था। पुलिस ने सदेंह के आधार पर डेविड की तलाश शुरू की, लेकिन वो नहीं मिला। शक बढ़ने पर पुलिस ने लगातार उसकी खोजबीन करते हुए आखिरकार 3 माह बाद डेविड को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए सारा घटनाक्रम बता दिया। पुलिस पुछताछ मे सामने आया कि दोस्त की हत्या के बाद आरोपी ट्रेन के जरिए दिल्ली भाग गया। ओर वहॉ हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास घूम-फिरकर फरारी काटता रहा। इस दौरान खर्च के लिए वह भीख मांग लेता था।

# 5 रुपए में किसान तक पहुंचेगा भोजन

**भोपाल।** अब किसानों को भोजन करने के लिए महंगे दाम नहीं चुकानें पडेंगे, आश्चर्य की बात तो यह है कि उन्हें भोजन करने के लिए अन्यत्र भी नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि जहां पर उनकी ट्राली लगी होगी, भोजन वहीं तक पहुंचाया जाएगा । विदिशा की मिर्जापुर अनाज मंडी में मंगलवार को कैंटीन का शुभारंभ करने की तैयारी है। इसके लिए केंटिन में फर्नीचर व अन्य सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। मंडी कर्मचारियों को कहना है कि कैंटीन की सेवाएं कुछ इस तरह रखी जा रही कि अधिक आवक के दौरान मंडी परिसर में किसानों को उसकी ट्राली पर ही चाय, नाश्ता व भोजन पहुंचाया जा सकेगा।

## किसानों के हाथ में आएगा भोजन

मालूम हो कि पिछले कई दिनों से केंटिन को किराए पर दिए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। यह कार्य भोपाल मंडी में संचालित कर रहे कैंटीन संचालक को दिया गया है। इस कैंटीन में सिर्फ 5 रुपए में किसानों को भोजन की थाली मिलेगी। प्रक्रिया यह कि किसान को एक अनुबंध पर दो कूपन मिलेंगे और इन कूपन के आधार पर दो किसान 5 रुपए में भोजन प्राप्त कर सकेंगे। किसान सिर्फ पांच रुपए देंगे, वहीं प्रति भोजन थाली पर 15 रुपए का भुगतान मंडी करेगी। आवक सीजन के दौरान किसान अपनी ट्रालियों को अकेला नहीं छोड़ पाते ऐसे में उनकी ट्रॉली तक जाकर किसानों के हाथ में चाय नाश्ता व भोजन पहुंचाने की व्यवस्था इस केंटिन के माध्यम से की जाएगी।

## भोजन के साथ मिलेंगे इडली डोसा

मिली जानकारी के अनुसार इस कैंटीन में सभी तरह के पेय पदार्थ एवं खाद्य सामग्रियों रखने की भी तैयारी है। कैंटीन में डोसा, इडली, छोला भटूरे, गर्मी में कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम जैसी अन्य पेय व खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

# क्लीन इंडिया विषय पर आधारित विशेष प्रचार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगितायें सम्पन्न

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**

***सायकल रैली, संवाद कार्यक्रम, अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए***

**छिंदवा?ा** । भारत सरकार के केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के छिन्दवा?ा स्थित क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो द्वारा ÷क्लीन इंडिया÷ विषय पर विशेष प्रचार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सायकल रैली और संवाद कार्यक्रम के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, शपथ, प्रश्नमंच, रंगोली, चित्रकला आदि प्रतियोगितायें संपन्न हुई । कार्यक्रम में जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की प्रधान श्रीमती कांता ठाकुर के साथ ही अन्य अतिथि और नागरिकगण उपस्थित थे ।

क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो के प्रभारी क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी रामसहाय प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम में जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की प्रधान श्रीमती ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता की आदत छोटी उम्र में डालने से मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन में वह बनी रहती है, इसीलिए इसकी शुरुआत बच्चों से करते हैं। स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। बिना इसके स्वस्थ काया की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा




कि स्वच्छ भारत के निर्माण में बच्चों की भूमिका के साथ ही ब?ों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है जिसके लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास सार्थक सिध्द हो रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम के पूर्व सभापति श्री शिव मालवी ने कहा कि जन सहयोग से ही क्लीन इंडिया के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है, इसलिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर होते रहना चाहिये। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से ही आम जनों में जागरूकता उत्पन्न होगी। उन्होंने लोगों से अपने आस-पास के क्षेत्रों को साफ रखने की अपील भी की। पूर्व सभापति श्री अभिलाष गौहर ने कहा कि हमें कचरा गा?ी में ही अपना कचरा डालना चाहिए। यहां-वहां कचरा फेकने से गंदगी फैलती है जिससे लोग बीमार प?ते हैं। हम कोशिश करें कि अपने घरों में ही कचरे को अलग अलग रखें और कचरा गा?ी में अलग-अलग डिब्बों में उसे डालें। पूर्व पार्षद श्रीमती ऊषा राउत ने कहा कि स्वच्छता हमारी पहली प्राथमिकता होना चाहिये ताकि हम स्वस्थ रहें और विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकें। प्रभारी प्रचार अधिकारी श्री प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर विनोद तिवारी ने कहा कि साफ-सफाई को हमें अपने व्यवहार में शामिल करने की आवश्यकता है। कोरोना जैसी महामारी ने हमें इसके महत्व को और अधिक समझाया है।

# रोजाना दबोह से झांसी सप्लाई हो रहा था मावा,पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर पकड़ा 2 टन से ज्यादा मावा

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

दीपावली त्योहार नजदीक आते ही मिलावटी मावा का कारोबार जोरों पर है।जिसके चलते लहार एसडीओपी अवनीश बंसल ने रविवार को दबोह कस्बे के रतनपुरा तिराहे के पास 2 टन मावा की खेप पक?ी है।इसे बस से झांसी ले जाया जा रहा था। यह मावा प्रथम दृष्टिया अमानक माना जा रहा है।फिलहाल फूड विभाग के अफसर इसकी सैंपलिंग करेंगे,तब इसकी पुष्टि हो सकेगी।अब तक भिंड के अटेर और मेहगांव क्षेत्र से मावा पक? जाने की खबर आ रही थीं।लंबे समय बाद लहार क्षेत्र में मावा की ब?ी खेप पक?ी गई।यह मावा सुबह पांच बजे से गांव से कारोबारी लेकर आने लगते थे,जो लहार,चौरई से रावतपुरा,यूपी के नदी गांव कोंच से सटे हुए गांव के रास्ते होकर झांसी जाती है।इस बस में एमपी और यूपी के सटे हुए गांव के कारोबारी झांसी के लिए मावा को लोड करते है।यह कारोबार में बस कंडक्टर संलिप्त होना बताया जा रहा है।यहां से हर रोज ब?ी तादाद मावा जाता है,जो आखिर खेप रतनपुरा तिराहे पर लोड होती है।यह बात की पक्की सूचना होने पर लहार एसडीओपी बंसल ने फील्डिंग जमाई।इसके बाद रतनपुरा के पास छापामार कार्रवाई कर 62 डलिया मावा की पक?ी है,जिनमें करीब 2 टन मावा है।प्रत्येक डलिया में 30 से 50 च्त्त मावा है।बस कन्डेक्टर राजकिशोर पाठक ने बताया कि वह लहार



से दबोह तक जगह जगह से मावा की डलिया इकट्ठी कर झांसी ले जा रहा था।उसने बताया कि मावा की डलिया प्रदीप शिवहरे दबोह,राजू शिवहरे दबोह,रामकुमार यादव रावतपुरा,अन्नू यादव रमपुरा,माहू ब?ागाँव,महेश कसल,सुनील शिवहरे दबोह,बिहारी शिवहरे रूरई आलमपुर व अन्य की है।मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता व रेखा सोनी को बुलाया गया।डलियों को थाना दबोह पर सुरक्षार्थ रखबाया गया।मौके पर बिहारी शिवहरे ने तीन डलियों पर अपनी दाबेदारी प्रस्तुत की जिसके नमूने जांच हेतु लिए गए।शेष 59 डलियों की दाबेदारी हेतु कोई उपस्तिथ नही हुआ।जिन्हें सुरक्षार्थ रखबाया गया।थाना प्रभारी दबोह ने बताया कि अगर सोमवार 25 अक्टूबर तक कोई दावेदार उपस्थित नही होता है तो मावा की नष्टीकरण की कार्यवाही की जाएगी।कन्डेक्टर द्वारा बताए गए उक्त व्यक्तियों की जांच हेतु तलाश की जा रही है।पक? गए मावे की कीमत लगभग 660000 रु.है।पुलिस की इस कार्यवाही में प्रमुख रूप से एसडीओपी लहार अवनीश बंसल,थाना प्रभारी दबोह प्रमोद साहू,प्रधान आरक्षक रामकुमार गौतम,आरक्षक दीपेंद्र,आरक्षक अखिलेश व पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही।

**रात में ही कर रहे थे गश्त**

दरअसल एसडीओपी बंसल की शनिवार की रात्रि गश्त थी। रात्रिकालीन गश्त के बाद लहार से जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस कंपनी की बस में मावा की ब?ी खेप झांसी जाने की सूचना सुबह पांच बजे मिली।इस सूचना पर एसडीओपी भिंड से करीब 35 किमी दूर रतनपुरा पहुंचे।यहां पुलिस के कुछ जवानों के साथ रतनपुरा तिराहे से दूर आलमपुर की तरफ जाकर रुक गए।

वहीं एक मुखबिर को तिराहे पर बैठाया।जैसे ही रतनपुरा पर मावा लोड हुआ और आगे ब?ी वैसे ही मुखबिर की सूचना पर पुलिस पहुंच गई।पुलिस को देखकर मावा कारोबारी भाग ख? हुए। हालांकि सभी सादा ड्रेस में थे। इसके बाद मावा को बस के ऊपर से उतरवाया और कंडक्टर को पूछताछ के लिए बैठा लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने बस जाने दी।

# भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पहुंचे दतिया भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया से की मुलाकात



**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सेवड़ा श्यामू ठाकुर आज दतिया भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया के निवास पर पहुंचे और उन्होंने वहां भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया से मुलाकात की एवं संकुआ धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसंबर को अटल सेवा दिवस मनाए जाने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया जिस पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया ने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्यामू ठाकुर को आश्वासन दिया कि हम जरूर सेवड़ा सनकुआ धाम सनत सनातन की नगरी में पधारेंगे। आपको बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष में अटल सेवा दिवस का कार्यक्रम समाज सेवा टीम सेवड़ा के संयोजक श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में हर वर्ष मनाया जाता है।

# गुरूकुल ड्रीम फाउंडेशन का इंडस्ट्री विजिट कार्यक्रम सम्पन्न

**ग्वालियर( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन द्वारा युवाओं में उद्यिता विकास हेतु इंडस्ट्री विजिट कार्यक्रम रखा गया।जिसमें गुरूकुल के सदस्यों ने खाद्य पदार्थ बनाने वाली कंपनी ट्रॉपिलाइट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री में विजिट किया विशेषज्ञों द्वारा युवाओं खाद्य पदार्थों के मैन्युफैक्करिंग ,पैकेजिंग,मार्केटिंग,रिसर्च एंड डवलपमेंट संबंधित जानकारी दी गई।कंपनी एच आर अतुल कक्क? ने कहा आज के समय में किसी भी क्षेत्र में आगे ब?ने के लिए आपका उद्यमित संबधित दिमाग होना चाहिए जो हर समस्या का समाधान ढूंढने का प्रयास करता है।युवाओं को ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगाने पर ध्यान देना होगा तभी हम बेरोजगारी को कम कर सकते है।गुरूकुल के सदस्यों के पूछे गये सवालों के भी जवाब भी विशेषज्ञों ने धैर्यता के साथ दिये।इस अवसर नेहरू युवा कैंद्र की जिला युवा समन्वयक नेहा जादौन तथा गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन के संस्थापक आकाश बरूआ सहसंस्थापक हिमांशु अग्रवाल ,अविनाश जैन सहित भारती डोंगरे ,रचिता डोंगरे,सुमित शर्मा ,विजय गर्ग,अंकुर श्रीवास्तव ,संजू नरवरिया सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।।

## नैनो न्यूज

### पुलिस लाइन ग्वालियर के सामुदायिक भवन में बच्चो के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**ग्वालियर।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन ग्वालियर के सामुदायिक भवन में बच्चो के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के 83 बच्चो ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में रक्षित निरीक्षक श्री रंजीत सिंह, सूबेदार रूमा नाज, अजय प्रताप,राधावल्लभ,अनुपम भदौरिया, अभिषेक रघुवंशी उपस्थित रहे। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चो को 31 अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा।

### सूने घर से नकदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित कैलाश बिहार में चोरों ने एक सूने मकान के ताले चटका दिया और वहां से नगदी गहने सहित कीमती सामान समेट ले गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की कैलाश बिहार निवासी सुनील शर्मा शिक्षक एवं रोड दतिया में पदस्थ हैं। बीते रोज वह इलाज कराने के लिए बेटे के साथ दिल्ली गए थे और उनकी पत्नी मायके गई थी ।तभी चोरों ने उनके मकान के ताले चटका दिया और वहां से सोने-चांदी के गहने समेट ले गए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### जीवाजी नगर मे आज लगेगा आयुष्मान कार्ड का निशुल्क कैंप

**ग्वालियर।** वरिष्ठ नागरिक सेवा के सहयोग से समर्पण हेल्थ केयर सेंटर 262, जीवाजी नगर, थाटीपुर पर आज निशुल्क आयुष्मान कार्ड के कैंप का आयोजन किया जायेगा. वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के संस्थापाक भूपेंद्र जैन ने बताया की थाटीपुर मे मे यह पहला निशुल्क कार्ड का कैंप होगा उनहोंने सभी से अनुरोध किया है की सभी समग्र एवं आधार कार्ड ले कर आये एवं सुविधा का लाभ ले।

### दीपोत्सव की तैयारियां शुरू बाजारों में बढ़ने लगी भीड़

**ग्वालियर।** रोशनी का पर्व दीपावली का त्यौहार 4 नवंबर को मनाया जाएगा दीपोत्सव का पर्व नजदीक आते ही लोगों ने घरों में त्यौहार मनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं बाजारों में भी खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है ।घरो में लोग रंगाई पुताई तथा साफ सफाई के काम में व्यस्त नजर आ रहे हैं वही दिन चढ़ने के साथ ही बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है ।कपड़ा गहने सौंदर्य प्रसाधन बर्तन आदि की दुकानों पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं ।पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ 2 नवंबर को धनतेरस के साथ शुरू होगा और भाई दूज के दिन समाप्त होगा। 3 नवंबर को छोटी दिवाली नरक चौदस मनाई जाती है ।इस दिन छह होने के कारण नरक चौदस और छोटी दिवाली 3 नवंबर को होगी। 4 नवंबर को अमावस को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा 5 नवंबर को अनुकूल और 6 नवंबर को भाई दूज का त्यौहार मनाया जाएगा।

### चोरी का माल बेचने घूम रहे चोर गिरफ्तार

**ग्वालियर।** देहात की तिघरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी का माल बेचने के लिए घूम रहे दो चोरों को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया है ।जानकारी के अनुसार तिघरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में 2 लोग चोरी का माल बेचने के लिए घूम रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर जाकर दबिश दी और मौके से भाग सिंह यादव तथा राहुल बाल्मिक नामक दो युवकों को गिरफ्तार कर से चोरी का माल बरामद कर लिया ।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोटर और आर्मेचर चोरी करना भी स्वीकार किया है।

# पुलिस के हाथ लगी फर्जी जमानतदार: सिर्फ ढाई हजार रुपए में महिला दे देती थी जमानत

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सेशन कोर्ट में फर्जी किसान पुस्तिका, रजिस्ट्री की कॉपी पर मारपीट, छेड़छाड़ व अन्य गंभीर मामलों के आरोपियों को जमानत दिलाने वाली शातिर महिला को पुलिस ने पकड़ा है। महिला को एक साल पुराने मामले में पकड़ा गया है। इससे पहले भी वह पकड़ी जा चुकी है। पुलिस के हाथ लगने के बाद महिला ने खुलासा किया है कि अभी तक 8 से 10 लोगों की फर्जी तरीके से जमानत करा चुकी है। पुलिस ने उससे पूछताछ की है और पता लगा रही है कि अभी तक किन-किन लोगों की वह जमानत दे चुकी है। इसमें कोर्ट के कुछ वकीलों के जरिए उसने फर्जीवाड़ा करना बताया है। फिलहाल पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया है। अब उसका कोई जमानतदार नहीं मिल रहा है।

ग्वालियर के इंदरगंज स्थित जिला एंव सत्र न्यायालय में लगातार फर्जी दस्तावेज पर जमानत की शिकातयें आ रही थीं। करीब एक साल पहले भी फर्जी जमानत का खेल पकड़ में आया था। जिसमें न्यायालय के आदेश पर इंदरगंज थाना पुलिस ने फर्जी किसान पुस्तिका पर आरोपियों की जमानत देने वाली महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जब पुलिस ने जांच की तो एक महिला



मंजू राणा निवासी दतिया का नाम सामने आया। यह महिला शहर के बहोड़ापुर आनंद नगर में कहीं रह रही थी। इस पर पुलिस को पता लगा तो शनिवार शाम को पुलिस ने आनंद नगर इलाके से मंजू राणा को गिरफ्तार कर लिया है। जब उसे थाना लाकर पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि वह कितनी शातिर है। उसने बताया कि 8 से 10 लोगों की जमानत अभी तक वह इसी तरह दे चुकी है।

**भाभी, बहन या रिश्तेदार बनकर कोर्ट में हो जाती है खड़ी:** मंजू ने बताया कि वह कोर्ट परिसर में घूमती रहती है। जैसे ही उसे लगता है कि कोई बाहर से आरोपी के परिजन को कोई जमानत दार चाहिए तो उनसे संपर्क करती हूं। इसके बाद आरोपी की कोई भी रिश्तेदार बनकर वहीं ऋण पुस्तिका पर फर्जी नाम, पता लगवाकर दस्तावेज तैयार कराती है। इसमें फोटो उसका ही रहता था। जिससे कोर्ट में गवाही देते समय किताब से मिलान करते समय कोई उसे पकड़ नहीं पाता है। इसके बाद कोर्ट में जमानत के लिए खड़ी हो जाती है। जमानत होने पर अपने 2500 रुपए लेकर निकल जाती है।

**वकील, स्टाम्प वाले भी पहचानने लगे हैं:** महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि अब तो वहां उसे आसपास के दुकानदार, स्टाम्प वाले व वकील भी पहचानने लगे हैं।

# पुलिस के हत्थे चढ़े 2 चोर: 5 गाड़ियां मिलीं

### लग्जरी लाइफ और लड़कियों के सामने स्टाइल मारने के लिए चुराने लगे बाइक

**ग्वालियर।** शहर में वाहन चोरी कर भिंड, मुरैना में ठिकाने लगाने वाले दो शातिर वाहन चोरों को पुलिस ने पकड़ा है। नशे की लत और लड़कियों को दिखाने के लिए ब्रांडेड जूते, महंगे कपड़े खरीदने के लिए वाहन चोरियों को अंजाम देते थे। इंदरगंज पुलिस को दो वाहन चोरों से 5 बाइक मिली हैं। हाल में दो दर्जन से ज्यादा बाइक चोरी करने की आशंका है।

शनिवार शाम पुलिस को भैंस मंडी के पास चोरी की बाइक बेचने की डील होने का पता लगा। पुलिस पहुंची तो दो अलग-अलग बाइक पर सवार युवक पुलिस को देखते ही भागने लगे। इस पर पुलिस उनको बाइक मोड़कर भागने से पहले ही पकड़ लिया। पकड़े गए बाइक सवार वाहन चोर निकले हैं। पहचान



अकबरपुर मोतीझील निवासी इरफान पुत्र हसन खान और पुरानी छावनी के हीरा नगर निवासी अंकित उर्फ गोलू पुत्र दीपक खटीक के रूप में हुई।

### पलक झपकते ही उठा ले जाते हैं बाइक

पकड़े गए वाहन चोरों ने पुलिस को बताया है कि उनको जो बाइक पसंद आ जाए, उसे वह पलक झपकते ही उठा ले जाते हैं। ज्यादातर वह बाजार, कोचिंग सेंटर और मल्टी की पार्किंग से वाहन चोरी करते हैं। वाहन चोरों ने बताया कि वह उन वाहनों को टारगेट करते हैं, जिनमें व्हील लॉक न लगा हो, क्योंकि उनको मास्टर चाबी से आसानी से उठा लिया जाता है।

### ब्रांडेड कपड़े, जूते के शौक ने बनाया चोर

दोनों युवकों के चोर बनने के पीछे उनके नशे की आदत और महंगी लाइफ स्टाइल है। दोनों स्मैक का नशा करते हैं। नशा होने के बाद वह शहर में वाहन चोरी करने निकलते हैं। लड़कियों के सामने स्टाइल मारने के लिए उनको चमकती बाइक, महंगे कपड़े और ब्रांडेड जूते चाहिए होते थे। यहीं से उनको चोर बनने की कहानी शुरू होती है। पहले एक बाइक चोरी की उसे मुरैना में सस्ते में बेच दिया। पकड़े नहीं गए तो फिर वाहन चोरी करते चले गए।

### 5 से 6 हजार रुपए में बेच देते थे नई बाइक

यह शहर से बाइक चोरी करने के बाद उसे भिंड, मुरैना के देहात इलाकों में 5 से 6 हजार रुपए में बेच देते थे। इसके बाद उन्हें इससे कोई मतलब नहीं होता था। इस मामले में थाना प्रभारी इंदरगंज मिर्जा आसिफ बेग का कहना है कि इन दोनों वाहन चोरों से शहर के अन्य इलाकों में हुई वाहन चोरी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### खेत से सिंघाड़ा चोरी को लेकर चचेरे भाइयों में मारपीट

**ग्वालियर।** पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के अकबरपुर में खेत से सिंघाड़ा चोरी होने को लेकर चचेरे भाइयों में मारपीट हो गई। पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार अकबरपुर निवासी रामवीर लोधी के खेत के बगल में उनके चचेरे भाई ऋषभ लोधी का भी खेत है ।उनके खेत से सिंघाड़ा चोरी होने को लेकर दोनों भाइयों में झगड़ा हो गया और मारपीट हो गई पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मिस्ड कॉल से दोस्ती के बाद छात्रा को ले जाकर छेड़छाड़

**ग्वालियर।** शहर के बहोडापुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा की पहले मिस्ड कॉल आने पर एक युवक से दोस्ती हो गई बाद में युवक छात्रा को जबरन अपने साथ भिंड के गांव में ले गया और वहां अपने दोस्त के साथ मिलकर उसके साथ छेड़छाड़ की तभी छात्राओं से भाग निकली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मण तलैया निवासी 17 साल की छात्रा ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई के कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर एक मिस्ड कॉल आया था। बाद में मिस्ड कॉल पर फोन करने के दौरान उसकी लखन और शेरू गुर्जर से दोस्ती हो गई। बीते रोज शैलू गुर्जर ने छात्राओं को मोबाइल दिलाने की बात कही इसके बाद छात्रा को घर के बाहर बुलाया और जबरन अपने साथ भिंड जिले के सिसोदा गांव में ले गया ।

# पुरानी जल संरचनाओं को सहेजकर ग्रामीणों की आमदनी का जरिया बनाया जाएगा: जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी



**ग्वालियर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पुरानी जल संरचनाएं मसलन तालाब, चेकडैम व स्टॉपडेम इत्यादि की जलभराव क्षमता बढ़ाई जाएगी। ऐसी जल संरचनाओं को चिन्हित कर जरूरत के मुताबिक जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्य कराए जायेंगे। प्रयास ऐसे होंगे, जिससे इन जल संरचनाओं में सिंघाडा व मछली पालन के साथ-साथ सिंचाई सुविधा भी बढ़े और ग्रामीणों की आमदनी में इजाफा हो।

इसके लिए हर ग्राम पंचायत में एक तकनीकी सलाहकार समिति का गठन किया जा रहा है। जिसमें उस ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव , ग्राम रोजगार सहायक, क्षेत्रीय पटवारी , क्षेत्रीय कृषि विस्तार विकास अधिकारी और क्षेत्रीय उपयंत्री सदस्य होंगे। इसी कड़ी में जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने प्रत्येक जनपद पंचायत के सीईओ जनपद पंचायत , सहायक यंत्री , उपयंत्री सहित तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्यों को क्षेत्र में जाकर पुरानी , अनुपयोगी जल संरचनाओं जो कि वर्तमान में उपयोगी नहीं रहीं है उनके चिन्हांकन के लिए ताकीद कर दिया है । श्री तिवारी ने जिले के अधिकारियों के साथ डबरा क्षेत्र का भ्रमण कर पुरानी जल संरचनाओं के चिन्हाकंन का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री तिवारीने बताया कि इन जल संरचनाओं के चिन्हांकन के बाद जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और मरम्मत का काम कराया जाएगा। इससे संबंधित ग्रामीण क्षेत्र में जल स्तर में वृद्धि होगी। साथ ही जल संरचनायें अतिक्रमण से मुक्त होंगीं। इन संरचनाओं के लिए उपयोगकर्ता समूह बनाए जायेंगे। जल संरचनाओं में 3 से 5 साल तक सिंघाड़ा उत्पादन और मत्स्य पालन के लिए भी ग्रामीणों को अधिकार दिये जाएंगे। श्री तिवारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र में ऐसी कोई पुरानी जल संरचना है जिसके जीर्णोद्धार , मरम्मत या अतिक्रमण मुक्त कराते हुए उसे एक उपयोगी संरचना बनाकर मत्स्य पालन, सिंघाड़ा उत्पादन या सिंचाई के लिए उपयोगी बनाया जा सकता है।

# स्टेशन पर पकड़ा 24 लाख का सोना

**ग्वालियर।** ग्वालियर रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम से GRP ने दो युवकों को पकड़ा है। इनके पास से काले रंग के बैग में करीब 400 ग्राम सोने के जेवरात मिले हैं। दोनों युवकों के पास न तो ट्रेन टिकट था और न ही प्लेटफॉर्म टिकट था। दोनों पुलिस को देखकर घबराए तो पकड़े गए। दोनों ही युवक ग्वालियर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि यह माल डबरा और दतिया में देना था। गहनों की कीमत 24 लाख रुपए बताई गई है। जब गोल्ड के दस्तावेज युवक नहीं दिखा पाए, तो GRP ने इसकी सूचना तस्ज्ञ विभाग को दी। उन्होंने भी गहनों संबंध में कर चोरी की जांच की है। GRP डीएसपी शुभा श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को रेलवे स्टेशन पर जवान गश्त करते हुए प्लेटफार्म नंबर एक वेटिंग हॉल में पहुंचे। यहां दो युवक जवानों को देखकर हड़बड़ाकर जाने लगे। जवानों को शंका हुई। उन्होंने युवकों को रोकने की



कोशिश की, तो वे अनसुना करके बढ़ते गए। जवानों ने दौड़ लगाकर उन्हें रोक लिया और पूछताछ की। उनके पास मौजूद बैग की तलाशी ली, तो उसमेंकरीब 400 ग्राम के सोने के जेवरात मिले। जवान उन्हें लेकर थाने पहुंचे। युवकों ने अपने नाम सन्नी चौरसिया और अंकित गोयल निवासी ग्वालियर बताया है।

**नहीं मिले दस्तावेज:** पुलिस ने दोनों से जेवरातों के बिल मांगे, तो वह दस्तावेज नहीं दिखा सके। दोनों ये भी नहीं बता सके कि ये जेवरात किसके है और किसको देना था। अफसरों की पूछताछ में वह सिर्फ इतना बता रहे हैं कि जेवरात लेकर वह डबरा और दतिया जा रहे थे, जहां कारोबारी को देने थे।

**जीएसटी और इनकम टैक्स विभाग को दी सूचना:** GRP अफसरों ने इसकी सूचना तस्ज्ञ व इनकम टैक्स विभाग को दे दी है। तस्ज्ञ के अफसरों ने पहुंचकर सोना और गहनों की जांच की है। उन्होंने माल की कीमत करीब 24 लाख रुपए बताई है।

**20 दिन पहले भी पकड़ी थी खेप:** दीपावली के बाद देव उठनी ग्यारस से इस सीजन का सबसे बड़े सहालग की शुरुआत हो जाएगी। नवंबर व दिसंबर में सैकड़ों शादियां होने के चलते सोने के आभूषण का कारोबार इस महीने से ही फल-फूलने लगा है। ऐसे में अंचल ही नहीं, बल्कि अन्य शहरों में ग्वालियर से तैयार आभूषण बिना कागजात के भेजे जा रहे हैं।

# बैंकिंग फेयर का आयोजन आज 'चेम्बर भवन' में

**ग्वालियर।** एमपीसीसीआई द्वारा प्रथम बार बैंकिंग फेयर का आयोजन सोमवार, 25 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक 'चेम्बर भवन' में किया जा रहा है । फेयर का उद्घाटन, एमपीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष- अरविन्द अग्रवाल द्वारा किया जाएगा । एमपीसीसीआई ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि दिनांक 25 अक्टूबर को प्रथम बार 'चेम्बर भवन' में बैंकिंग फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस फेयर के माध्यम से सभी बैंकों को एक छत के नीचे लाया गया है, जिससे व्यवसाईयों एवं उद्यमियों को इनकी सेवाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके । पदाधिकारियों ने बताया कि इस बैंकिंग फेयर में प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंक और निजी बैंकों के स्टॉल लगेंगे। जिनमें प्रमुख रूप से भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, आईडीबीआई बैंक लि., आईसीआईसीआई बैंक, नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, यूको बैंक एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया सहित चोपड़ा फायनेंशियल सर्विसेज एवं चोपड़ा कंसल्टेंट्स आदि की भागीदारी शामिल हैं। बैंकिंग फेयर के दौरान दोपहर 1 बजे व्यापार-उद्योग के विकास में बैंकों की भूमिका, समस्याएं एवं निदान पर परिचर्चा आयोजित की गई है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. निशांत जोशी, डायरेक्टर प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च शामिल होंगे। इस अवसर पर एसबीआई के उपमहाप्रबंधक श्री गोपाल झा, यूनियन बैंक के रीजनल हैड-श्री वर्मा, रीजनल हैड, आईडीबीआई-श्री हेमंत मामोरिया, पीएनबी के सर्किल हेड-श्री सुनील पागे, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय प्रबंधक-श्री अम्बरीश सिंह, बैंक ऑफ इण्डिया के एरिया मैनेजर-श्री आलोक चक्रवर्ती सहित अन्य बैंकों के अधिकारीगणों को आमंत्रित किया गया है। पदाधिकारियों ने कहा है कि इस बैंकिंग फेयर में एमपीसीसीआई के सभी सदस्यों को आमंत्रित किए जाने के साथ-साथ जो संस्था के सदस्य नहीं है, वह भी शामिल हो सकते हैं । साथ ही, ग्वालियर शहर के आमनागरिक भी फेयर में पधार कर, बैंकों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर, लाभांवित हो सकते हैं ।

# राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया को 102वीं जयंती पर श्रद्धा भाव के साथ याद किया

**ग्वालियर।** राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया की 102वीं जयंती ग्वालियर-चंबल संभाग के निवासियों ने उन्हें श्रद्धाभाव के साथ याद किया। करवाचौथ एवं राजमाता की जयंती के अवसर पर यहाँ कटोराताल रोड स्थित अम्मा महाराज की छत्री पर राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया को पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। साथ ही संगीतमय भजन- कीर्तन से भी राजमाता को स्वरांजलि व आदरांजलि अर्पित की गई। राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया हर प्रकार के संकट के समय ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लोगों के बीच पहुँचकर दीन-दुखियों की संबल बनीं। इसलिए वे आज भी जन-जन के हृदय में बसीं हैं। उन्हें ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के





निवासी लोकमाता के रूप में याद करते हैं।

इस अवसर पर राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया की सुपत्री एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया और मध्यप्रदेश की खेल व युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने अम्मा महाराज की छत्री पर पहुँचकर पुष्पांजलि अर्पित कर राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में पूज्य संत ढोली बुआ महाराज व संतोष गुरूजी सहित अन्य संतजन, प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसदगण श्री विवेक नारायण शेजवलकर, डॉ. के पी एस यादव व श्रीमती संध्या राय, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, श्री जयभान सिंह पवैया व श्री बालेन्दु शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री कमल माखीजानी व ग्रामीण श्री कौशल शर्मा, साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री जय सिंह कुशवाह, वरिष्ठ जन प्रतिनिधि श्री वेद प्रकाश शर्मा, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता तथा श्री देवेश शर्मा व श्री प्रदीप जैन सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक राजमाता को पुष्पांजलि अर्पित करने पहुँचे थे। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि राजमाता के व्यक्तित्व से मातृत्व छलकता था। वे शासकों के बीच उपासक बनकर रहीं। वे सांसारिक विकारों के बीच निर्विकार थीं। उन्होंने राजसुख छोड़कर प्रिय जनता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इसी लिए वे अम्मा महाराज कहलाईं। राजमाता का जीवन हम सभी के लिये प्रेरणा स्त्रोत है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने अपने उदबोधन में जनता के प्रति राजमाता के वात्सल्य व स्नेह को रेखांकित किया। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया विलक्षण व्यक्तित्व की धनी थीं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478